संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 101 मंगलवार 11 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# महाजाम ने रोकी उत्तरप्रदेश की रफ्तार

» प्रयागराज ही नहीं काशी और अयोध्या में भी भयंकर जाम

» एमपी के कई जिलों में हालत खराब



**प्रयागराज/वाराणसी/अयोध्या,10 फरवरी 2025(ए)।** महाकुंभ में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने और भारी भीड़ से निपटने के लिये रेलवे और स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धालुओं के वास्ते कई नई व्यवस्थाएं की हैं। कई क्षेत्रों में व्यापक जाम और अन्य परेशानियों के बावजूद महाकुंभ नगर तथा वाराणसी में लोगों के पहुंचने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। महाकुंभ में स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु वाराणसी और अयोध्या में दर्शन करने के लिये कूच कर रहे हैं। इससे इन दोनों नगरों की भी यातायात व्यवस्था चरमरा गयी है।

### हर दिन औसतन 1.44 करोड़ लोग कर रहे स्नान

प्रयागराज के सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) शैलेंद्र सिंह ने बताया कि महाकुंभ मेले से निकलने वाली ज्यादातर भीड़ काशी और अयोध्या वाले मार्ग की ओर जा रही है। सरकार के मुताबिक,महाकुंभ में प्रतिदिन औसतन 1.44 करोड़ लोग स्नान कर रहे हैं। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रयागराज स्टेशन के बाहर मौजूद भारी भीड़ की वजह से स्टेशन से बाहर निकलने वाले श्रद्धालुओं को हो रही असुविधा के चलते उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल का प्रयागराज संगम स्टेशन 9 फरवरी को अपराह्न 1:30 बजे से 14 फरवरी के रात्रि 12:00 बजे तक यात्री आवागमन के लिए अस्थायी तौर पर बंद किया गया है। महाकुंभ क्षेत्र में आने वाले अन्य आठ स्टेशनों से हालांकि नियमित और स्पेशल ट्रेनों का परिचालन सामान्य रूप से हो रहा है। वहीं प्रयागराज के अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) कुलदीप सिंह ने बताया कि पिछले (2019) कुंभ में इतनी भीड़ नहीं आई थी खासकर सामान्य दिनों में, लेकिन इस बार सामान्य दिनों में इतनी अधिक भीड़ आ रही है जिससे यातायात जाम की स्थिति बनी है। संगम में डुबकी लगाने बेटे के साथ रांची से सोमवार को प्रयागराज पहुंचीं डाक्टर सुषमा ने बताया, ÷संगम में स्नान करने और मेला घूमने के बाद हम काशी जाकर भगवान भोले बाबा के दर्शन करेंगे और इसके बाद हमारी योजना अयोध्या जाने की है।

### काशी में भी दर्शन के लिए पहुंच रहे लाखों श्रद्धालु

वहीं वाराणसी से मिली खबर के अनुसार काशी में बड़े पैमाने पर आ रही भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा शहर में कई जगह चार पहिया वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। बाहरी वाहनों को वाराणसी के बाहर ही रोक दिया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त (काशी जोन) गौरव बंसवाल ने बताया, ''भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई मार्गों पर चार पहिया वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से भीड भाड़ वाले स्थानों पर नजर रखी जा रही है।''मध्य प्रदेश के कई जिलों में लगा जाम इस बीच मध्य प्रदेश की तरफ से प्रयागराज जाने वाले सभी रास्तों पर भीषण जाम देखने को मिल रहा है।

### अयोध्या जाने वाले सभी हाईवे पर लगा जाम

इस बीच, अयोध्या से प्राप्त खबरों के मुताबिक प्रयागराज महाकुंभ से स्नान करने के बाद लाखों श्रद्धालुओं को रेला अयोध्या की तरफ बढ़ रहा है। जबर्दस्त भीड़ की वजह से अयोध्या की ओर जाने वाली सभी सड़कें कई किलोमीटर तक जाम हैं। अयोध्या को जोड़ने वाले छह राष्ट्रीय राजमार्गों पर विभिन्न बैरिकेडिंग पर तैनात अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ, सुलतानपुर, रायबरेली, गोरखपुर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ से अयोध्या की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। यहां तक कि दो पहिया वाहन भी रेंगते दिख रहे हैं। उन्होंने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अयोध्या शहर से लगभग 20 किलोमीटर पहले ही यातायात को मजबूरन प्रतिबंधित कर दिया गया है। अयोध्या के साकेत डिग्री कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राचार्य वी. एन. अरोड़ा ने बताया, मुझे लखनऊ से फैजाबाद पहुंचने में लगभग आठ घंटे लगे।अयोध्या नगर के रायगंज क्षेत्र निवासी जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि अयोध्या में उमड़ रही भीड़ की वजह से स्थानीय निवासियों के साथ-साथ स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों की शिक्षण गतिविधियां भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। स्कूल बसें, ई-बसें और ऑटो नहीं चलने के कारण अयोध्या नगर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं 45 दिनों से स्कूल-कॉलेज नहीं जा पा रहे हैं। अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि भीड़ कम होने पर ही व्यवस्था सामान्य हो पाएगी।

## महत्वपूर्ण खबर

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम में लगाई डुबकी



#### सीएम योगी भी रहे मौजूद

**प्रयागराज,10 फरवरी 2025(ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। स्नान के बाद राष्ट्रपति ने गंगा पूजन और आरती भी की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अरैल घाट पहुंचे थे। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण होगा। उनकी उपस्थिति से महाकुंभ के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को एक नई ऊंचाई मिलेगी।

### कांग्रेस की बर्बादी की वजह राहुल गांधी

#### पार्टी के पूर्व नेता ने किया बड़ा हमला

**नई दिल्ली,10 फरवरी 2025(ए)।** दिल्ली विधानसभा में खाता खोलने में भी नाकाम रही कांग्रेस को लेकर पूर्व नेता ही तंज कस रहे हैं। पार्टी के खराब प्रदर्शन के तार



वायनाड सांसद राहुल गांधी से जोड़े रहे हैं। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस नेताओं पर सनातन धर्म के विरोधी होने के आरोप लगाए हैं। आचार्य कृष्णम को कांग्रेस ने बीते साल फरवरी में ही पार्टी से बाहर कर दिया था। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आचार्य कृष्णम ने कहा, कांग्रेस की सबसे बड़ी प्रॉब्लम ही राहुल गांधी हैं। जब तक राहुल गांधी हैं, कांग्रेस का कुछ नहीं हो सकता। कांग्रेस को लाया नहीं जा सकता और राहुल गांधी को कांग्रेस से हटाया नहीं जा सकता। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं और कांग्रेस की बर्बादी इसलिए हो रही है, क्योंकि राहुल गांधी जैसा अपरिपक्व नेतृत्व है।

### जुआ खेलने का आदी पति जुए में अपनी पत्नी को हारा

#### एसपी तक पहुंचा मामला,मचा हड़कंप

**छतरपुर,10 फरवरी 2025(ए)।** छतरपुर में एक जुआरी पति जुए में अपनी पत्नी को हार गया. जिसके बाद वह पत्नी के पास पहुंचा और पैसे मांगने लगा। जब महिला ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो मारपीट पर उतारू हो गया। पति



की प्रताड़ना से महिला के गुप्तांग में चोट आई है। पीडित महिला घायल अवस्था में एसपी ऑफिस पहुंची और न्याय की गुहार लगाई।

### अरविंद श्रीनिवास ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को दी चुनौती,कहा...रोक सको तो...



**नई दिल्ली,10 फरवरी 2025(ए)।** अमेरिका की यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट को बंद करने की एलन मस्क की मांग के बाद, परप्लेक्सिटी एआई के भारतीय मूल के सीईओ अरविंद श्रीनिवास ने उन्हें चुनौती दी है। श्रीनिवास ने ट्वीट कर मस्क से कहा कि वह अगर चाहें तो संघीय एजेंसी से 500 बिलियन डॉलर जुटाने से उन्हें रोक सकते हैं।

### संपन्न हुई विहिप की त्रि-दिवसीय बैठक

**प्रयागराज,10 फरवरी 2025(ए)।** महाकुंभ मेला क्षेत्र स्थित विश्व हिंदू परिषद (विहिप) शिविर में चल रही त्रि-दिवसीय बैठक रविवार को इस संकल्प से साथ पूरी हो गई कि अब किसी भी स्थिति में हम मंदिरों को



सरकारी नियंत्रण से मुक्ति दिला कर ही रहेंगे।

## तिरुमाला लड्डू में मिलावट का मामला आया सामने

» सीबीआई ने की बड़ी कार्रवाई

» अब तक चार लोगों को किया गिरफ्तार



**तिरूपति,10 फरवरी 2025(ए)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तिरुमाला लड्डू में मिलावट से जुड़े एक मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया, सूत्रों के अनुसार। गिरफ्तार किए गए लोगों में रुड़की के भोले बाबा डेयरी के पूर्व निदेशक बिपिन जैन और पोमिल जैन, वैष्णवी डेयरी के सीईओ अपूर्व विनय कांत चौधरी और एआर डेयरी के प्रबंध निदेशक राजू राजशेखरन शामिल हैं।
ये चारों तिरुमाला लड्डू बनाने के लिए घी की आपूर्ति में अनियमितताओं की जांच के हिस्से के रूप में गिरफ्तार किए गए। जांच में पाया गया कि वैष्णवी डेयरी के प्रतिनिधियों ने एआर डेयरी के नाम पर टेंडर हासिल किए। सूत्रों के अनुसार, वैष्णवी डेयरी ने टेंडर प्रक्रिया को मैनिपुलेट करने के लिए नकली दस्तावेज और मुहरें बनाईं।
नकली रिकॉर्ड से पता चला कि भोले बाबा डेयरी से घी की खरीद की गई थी, जबकि वास्तव में उनके पास आवश्यक मात्रा की आपूर्ति करने की क्षमता नहीं थी। सूत्रों ने बताया कि आरोपियों को कल तिरुपति कोर्ट में पेश किया जाएगा।
विशेष जांच दल (एसआईटी) के सदस्य और सीबीआई के संयुक्त निदेशक वीरेश प्रभु, जो जांच की निगरानी के लिए तिरुपति में हैं, कोर्ट में मौजूद रहने की उम्मीद है। यह मामला पिछली सरकार के कार्यकाल का है जब य एस जगन मोहन रेड्डी मुख्यमंत्री थे, जिस समय लड्डू प्रसाद में अशुद्ध पदार्थ पाए गए थे। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की निगरानी में एसआईटी जांच का निर्देश दिया था, जिसमें आंध्र प्रदेश सरकार और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के सदस्य भी शामिल थे।जांच पिछले साल शुरू हुई थी। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को लड्डू बनाने के लिए रोजाना 15,000 किलोग्राम गाय का घी चाहिए। तमिलनाडु की एआर फूड्स ने 320 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से घी की आपूर्ति का टेंडर जीता था। 8 जुलाई को आठ टैंकर घी आए थे, जिनमें से चार की जांच के लिए भेजा गया था।
17 जुलाई को, लैब रिपोर्ट ने घी में अशुद्ध पदार्थों की पुष्टि की। अधिकारी अभी भी इस मामले में उल्लंघनों की सीमा और जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं।

## राहुल गांधी को हिंदू धर्म से किया गया बहिष्कृत

» महाकुंभ में संतों ने लिया निर्णय,

» उनके इस बयान पर हुआ बहिष्कार

**भोपाल,10 फरवरी 2025(ए)।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ 2025 से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ बुरी है। महाकुंभ में संतों ने राहुल गांधी का हिंदू धर्म से बहिष्कार कर दिया। राहुल गांधी के खिलाफ धर्म संसद में निंदा प्रस्ताव पारित किया है। संतों की मांग है कि एक महीने के भीतर राहुल गांधी माफी मांगे। बताया जाता है कि राहुल गांधी का मनुस्मृति के विरुद्ध बयान पर उनका बहिष्कार किया गया है।



राहुल गांधी के बहिष्कार मामले पर भाजपा का बड़ा बयान सामने आया है। भाजपा प्रवक्ता मिलिंद भार्गव ने कहा- कांग्रेस हमेशा हिंदू धर्म का मजाक उड़ाते आई है। कांग्रेस सरकार सनातन धर्म का हमेशा अपमान करती है। कांग्रेस सनातन धर्म को मलेरिया की बीमारी बताती है। राहुल गांधी के खिलाफ धर्म संसद में निंदा प्रस्ताव पारित होने पर कांग्रेस ने कहा कि- सनातन धर्म का हम हमेशा से सम्मान करते आए है। साधु संतों की हम हमेशा से आदर करते आए हैं। राहुल गांधी के बहिष्कार पर भाजपा के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुदेश शर्मा ने कहा- भाजपा जो सनातन धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है वो ठीक नहीं। महाकुंभ में संतों द्वारा राहुल गांधी का हिंदू धर्म से बहिष्कार को लेकर कहा है कि- राहुल गांधी शंकराचार्य से मिलेंगे और अपनी बात रखेंगे।

## तेजस के बाद अब यशस,भारतीय वायु सेना का बेड़ा अब हुआ और सशक्त

» एचएएल का प्रमुख जेट प्रशिक्षण विमान यशस के नाम से जाना जाएगा



**नई दिल्ली,10 फरवरी 2025 (ए)।** हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एच ए एल) के प्रमुख जेट प्रशिक्षण विमान, हिंदुस्तान जेट ट्रेनर (एचजेटी-36), को अब यशस के नाम से जाना जाएगा। यह नाम परिवर्तन विमान में व्यापक संशोधनों के बाद किया गया है, जिसका उद्देश्य विमान के प्रस्थान विशेषताओं और स्पिन प्रतिरोध को सुधारना है।
एचजेटी-36, जो भारतीय वायुसेना के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण उपकरण है, ने अपने डिजाइन में कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इन संशोधनों के माध्यम से, विमान की उड़ान विशेषताओं को बेहतर बनाया गया है, जिससे इसे विभिन्न उड़ान स्थितियों में अधिक स्थिरता और नियंत्रण प्राप्त हुआ है।
एचएएल के अधिकारियों ने बताया कि यशस नाम का चयन भारतीय संस्कृति और परंपरा को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जो सफलता और उत्कृष्टता का प्रतीक है। यह नया नाम न केवल विमान की क्षमताओं को दर्शाता है, बल्कि भारतीय वायुसेना के लिए एक नई पहचान भी प्रदान करता है। इस नए नाम के साथ, एचजेटी-36 अब भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षुओं को उच्चतम स्तर की प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने के लिए तैयार है। एचएएल का यह कदम भारतीय रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सरकार बनने से पहले ही भाजपा का एजेंडा आया सामने

### पहली कैबिनेट बैठक में होगा निर्णय

**नई दिल्ली,10 फरवरी 2025(ए)।** बीजेपी सांसद हर्ष मल्होत्रा ने बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत ₹10 लाख तक मुफ्त इलाज की घोषणा की है। इस योजना का उद्देश्य दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना और बुजुर्गों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है।



उन्होंने कहा, पहली कैबिनेट बैठक में ही हम 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों के लिए मुफ्त इलाज की व्यवस्था करेंगे। बीजेपी ने जो भी संकल्प दिल्ली के लोगों के लिए किए हैं, उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करेंगे।
मल्होत्रा ने यह भी बताया कि यह योजना उन बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी, जो स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए बीजेपी की प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई है।

## यमुना में जहर वाला बयान अरविंद केजरीवाल को ले डूबाःमनोहर लाल

**नई दिल्ली,10 फरवरी 2025(ए)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी की करारी हार पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने जोरदार तंज कसा है। मनोहर लाल ने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल विधानसभा चुनाव के दौरान यमुना में जहर वाला बयान नहीं देते तो शायद उन्हें इतनी सीटों को



नुकसान नहीं होता।केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यमुना नदी में जहर वाला बयान केजरीवाल को ले डूबा है। केजरीवाल का स्वभाव रहा है कि जब खुद कुछ नहीं कर पाए तो दूसरे के पाले में गेंद डाल देना। गत विधानसभा चुनाव में केजरीवाल ने कहा था कि अगर 2025 में वह यमुना को साफ नहीं करेंगे तो वह चुनाव नहीं लड़ेंगे. लेकिन, 2025 के विधानसभा चुनाव में हरियाणा पर जहर मिलाने का आरोप लगा दिया। उन्हें लगा कि इससे वह सहानुभूति हासिल करेंगे, लेकिन उल्टा हुआ। दिल्ली में 40 फीसदी लोग हरियाणा के रहने वाले हैं। उन्होंने जब यह बयान सुना तो ठान लिया कि केजरीवाल को सबक सिखाना है। चुनाव के परिणाम दिखाते हैं कि केजरीवाल को अपना स्टेटमेंट ही महंगा पड़ा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के इस बयान पर चुनाव आयोग ने भी संज्ञान लिया. चुनाव आयोग ने उनसे सबूत मांगे कि आप अपने आरोपों के पक्ष में प्रमाण दीजिए। चुनाव आयोग में केजरीवाल ने कहा कि अमोनिया की मात्रा बढ़ी है। जहर वाला बयान गलत था. केजरीवाल के आरोपों पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उस जगह से यमुना के पानी का आचमन किया जहां से यमुना नदी दिल्ली में दाखिल होती है। सोशल मीडिया पर वीडियो काफी वायरल हुआ.।

## रांची से दिल्ली लाये गये जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन

**रांची,10 फरवरी 2025(ए)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की स्वास्थ्य स्थिति में अचानक गिरावट के बाद उन्हें विशेष विमान से दिल्ली लाया गया है। सूत्रों



के अनुसार, शिबू सोरेन को सांस लेने में कठिनाई हो रही है, जिसके चलते उन्हें तत्काल चिकित्सा ध्यान देने की आवश्यकता पड़ी।



## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फूंका पुतला

**संभल,10 फरवरी 2025(ए)।** अमेरिका में भारतीय निर्वासितों के साथ किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में यूपी के संभल जिले में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंकने के लिए पहुंचे पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा एसडीएम और सीओ कार्यालय के बाहर डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंककर नारेबाजी की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलते ही सीओ भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया।

# संपादकीय

## किसी की भी नहीं सुनेंगे राहुल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जब भी कुछ कहते हैं तो वह बहुत से लोगों को बहुत तरह से सोचने का मसाला भी दे देते हैं। कभी-कभी इतना अटपटा बोल देते हैं कि वह गैर कांग्रेसियों के बीच मजाक बन जाते हैं और फिर पूरी कांग्रेस को क्षतिपूर्ति के अनुष्ठान में लग जाना पड़ जाता है। चाहे उनका लोक सभा चुनाव के दौरान दिया गया शक्ति वाला बयान हो या हरियाणा चुनाव के दौरान दिया गया जलेबी के कारखाने वाला बयान हो। वह प्राय- अपने बयानों की गंभीरता को बनाए नहीं रख पाते। इस बार उन्होंने एक बार फिर अपनी पार्टी को कठघरे में खड़ा कर दिया है।दलित बुद्धिजीवियों के सम्मेलन में आमंत्रित वक्त के रूप में उन्होंने कहा कि जब तक दलित और पिछड़े कांग्रेस के साथ थे तब तक आरएसएस सत्ता से दूर रहा, लेकिन 1990 के बाद यानी नरसिंह राव के शासनकाल में कांग्रेस दलित और पिछड़ों को अपने साथ जोड़कर नहीं रख सकी। अब वह कांग्रेस की इस गलती को सुधारना चाहते हैं। दलित और पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कांग्रेस के भीतर ही क्रांति करेंगे।आशा यह है कि दलित-पिछड़ों को अपनी पार्टी में जगह देकर दलित-पिछड़े समूह को अपनी पार्टी से जोड़ेंगे और अपना खोया हुआ जनाधार फिर से प्राप्त करेंगे और उनके बल पर संघ और भाजपा को सत्ता से बाहर करेंगे। इसके लिए उन्होंने यह आशंका भी जताई है कि अपनी पार्टी में विरोध भी सहना पड़ सकता है लेकिन वह इस इरादे को पूरा करने के लिए किसी की भी नहीं सुनेंगे। यह हास्यास्पद स्थिति है कि कांग्रेस का शीषर्स्थ नेता एक नीतिगत प्रश्न को एक सामान्य बैठक में इस तरह से प्रस्तुत करे।पहले उन्हें अपनी पार्टी के भीतर यह बात रखनी चाहिए थी पार्टी में दलित और पिछड़ों को क्या जगह दी जाए, कैसे दी जाए इसकी प्रक्रिया तय करनी चाहिए थी और जब एक स्पष्ट रणनीति निर्धारित हो जाती तो उसे जनता के सामने स्पष्टत- रखना चाहिए था। उन्हें यह भी समझना चाहिए था कि जो दलित और पिछड़े समूह स्वयं शक्तिशाली होकर इस या उससे गठजोड़ करने की स्थिति में हैं, वे राहुल गांधी की कृपा पर क्यों रहेंगे। लेकिन राहुल गांधी तो राहुल गांधी हैं। अब उनकी पार्टी तय करेगी कि उनके इस नीति वक्तव्य का वह क्या करे।

## परीक्षा योद्धाओं की नई परिभाषा परीक्षा के युद्धक्षेत्र से परे



प्रकृति ने अपनी असीम बुद्धि से प्रत्येक मनुष्य को एक अलग पहचान दी है - हमारी उंगलियों के निशान से लेकर आंखों की पुतलियों तक, हमारे अनुभव से लेकर विचारों तक, हमारी प्रतिभाओं से लेकर उपलब्धियों तक। मानवीय विशिष्टता के बारे में यह गहन सत्य हमारे समाज की विशेषता रही है और हमारी शिक्षा प्रणाली को इस विशेषता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। प्रत्येक बच्चे में कुछ जन्मजात प्रतिभा होती है, कुछ शैक्षिक प्रतिभा से चमकते हैं, अन्य रचनात्मकता के लिए तत्पर होते हैं, कई अन्य एथलेटिक और पेशेवर कौशल से युक्त होते हैं। इस विशिष्टता को दर्शाते हुए,स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था, शिक्षा मनुष्य में पहले से मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है।एक बच्चे की प्राकृतिक प्रतिभा को निखारना और उसे उसकी पसंद के शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में रचनात्मक रूप से शामिल करना हमारे शैक्षणिक संस्थानों के सामने कठिन चुनौतियां रही हैं। शिक्षकों और नीति निर्माताओं के रूप में हमारी भूमिका एक बच्चे की अनूठी प्रतिभा को विकसित करना है, जिससे वह चुने हुए लक्ष्य में श्रेष्टता प्राप्त कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने प्रतिभा को परिभाषित करने और उसको विकसित करने के तरीके में एक विलक्षण बदलाव किया है। यह एक दार्शनिक ढांचा है जो वास्तव में हमारे प्रत्येक बच्चे में मौजूद विशिष्टता की सूक्ष्म रूपरेखा का वर्णन कर सकता है जो हमारे देश की उन्नति में योगदान देता है।हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम शिक्षा में संपूर्ण सुधार लागू कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे की शैक्षिक यात्रा हमेशा रोमांचकारी और यादगार बनी रहे। बच्चे पढ़ाई और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह के तनाव और दबाव से मुक्त रहें। यह दृष्टिकोण हमारे शैक्षिक सुधारों का केंद्र है, बुनियादी शिक्षा से लेकर शिक्षा और अनुसंधान के उच्चतम स्तरों तक।कुछ साल पहले, हमारे युवा शिक्षार्थियों के लिए बाल वाटिका या खिलौना-आधारित शिक्षा ने व्यापक संदेह को आमंत्रित किया होगा। आज, एनईपी की बदौलत, ये अभिनव दृष्टिकोण प्रारंभिक शिक्षा में आमूल परिवर्तन ला रहे हैं, जिससे सीखना कष्टदायक होने के बजाय एक आनंददायक कार्य बन गया है। हमारी नई शिक्षा प्रणाली यह मानती है कि प्रत्येक बच्चा अपनी प्राकृतिक प्रतिभा के अनुसार विकास करता है।हमारी क्रेडिट ट्रांसफर नीति जो एक अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट स्थापित करती है, एक और उन्नतिशील कदम आगे बढ़ाती है। यह माना जाता है कि जीवन का मार्ग हमेशा सीधा नहीं हो सकता है, बल्कि इसमें उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं और सीखना विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न गति से हो सकता है।

-धर्मेंद्र प्रधान-

11 फरवरी, पुण्य तिथि पर विशेष

# पं दीनदयाल उपाध्याय:वैभवशाली भारत के पथ प्रदर्शक



हेमेन्द्र क्षीरसागर,
बालाघाट, मध्यप्रदेश

भारत के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पं दीनदयाल उपाध्याय, कुशल संगठक, बौद्धिक चिंतक और भारत निर्माण के स्वप्नदृष्टा के रूप में आज तलक कालजयी हैं। माता रामप्यारी और पिता भगवती प्रसाद उपाध्याय के घर 25 सितम्बर 1916 को मथुरा जिले के नगला चन्द्रभान ग्राम में जन्मे पं दीनदयाल उपाध्याय हम सबके प्रेरणास्रोत और मातृभूमि के सच्चे उपासक थे। उन्होंने व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास का समूचा दर्शन दिया। अपनी संस्कृति, संस्कारों, परंपराओं, जीवन मूल्यों के आधार पर देश निर्माण का विचार दिया। विश्व के विकास और कल्याण की सभी संभावनाएं उनके द्वारा दिए गए एकात्म मानव दर्शन में है। जिसकी प्रासंगिकता मानकर सारा विश्व इस मानवीय सिद्धांत पर शोध कर रहा है। ताकि एक मामूली से कद काठी के व्यक्ति ने इतना मार्मिक और सारगर्भित विमर्श समय रहते कैसा उद्वेलित कर दिया।

### एकात्म मानववाद का दर्शन

पं दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन भारतीय चिंतन की दो अवधारणा पर आधारित है। पहली वसुधैव कुटुंबकम् का सिद्धांत और दूसरी चार पुरुषार्थ। उन्होंने शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा की आवश्यकता की पूर्ति के लिए उसके विकास के लिए चार पुरुषार्थ की अवधारणा को स्पष्ट किया। उनका मानना था कि व्यक्ति में प्रतिभा भी है और उसकी आवश्यकताएं भी है लेकिन उसका मन व्यापक होता है। वह भ्रमित हो सकता है। मनुष्य सकारात्मक दिशा में बड़े इसके लिए मन का संतुलन और अनुशासन जरूरी है। यह बुद्धि और विवेक से ही संभव है। इसके लिए चार पुरुषार्थ आवश्यक है इनमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का समावेश है। यदि चार पुरुषार्थ की मर्यादा में व्यक्ति को उसके विकास के सभी अवसर प्रदान किए जाए तो संसार इस श्रेष्ठ स्वरूप को प्राप्त कर सकता है इसकी कल्पना वेदों में है। यह पूर्ण यानी एकात्म मानव की कल्पना है जिसे पंडित दीनदयाल जी ने एकात्म मानववाद दर्शन के रूप में दिया। जो सारे जगत में अलौकिक है।



### मानवधर्मी दीनदयाल

पंडित जी के अनछूए जीवन प्रेरक प्रसंग प्रेरणापुंज हैं। सतुत्य, किशोरावस्था में एक बार सब्जी बाजार गए और सब्जी बेचने वाली वृद्धा को चवन्नी का भुगतान कर दिया। घर लौटते समय उन्होंने जेब टटोली, तो देखा कि वह वृद्धा को खूंटी चवन्नी दे आए हैं। उनका मन इतना दुखी और द्रवित हो गया कि वह दौड़ते हुए उस वृद्धा के पास गए और उसे क्षमा प्रार्थना के साथ खूंटी चवन्नी वापस लेकर खरी चवन्नी दे दी। क्रम में मध्यप्रदेश जाने के लिए पं दीनदयाल जी दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर खड़ी गाड़ी के थर्ड क्लास के डिब्बे में बैठ चुके थे। गाड़ी जाने में अभी आधा घंटा शेष था जिसके कारण डिब्बे में बहुत कम यात्री बैठे थे। इसी समय दो औरतें डिब्बे में आई और भीख मांगने लगी। पुलिस के एक सिपाही ने उन्हें देखा और उन्हें गाली देते हुए मारने लगा। पंडित जी कुछ समय तक इस दृश्य को देखते रहे लेकिन अचानक उठ कर उन्होंने पुलिस के सिपाही को पीटने से रोकने का प्रयत्न किया। पुलिस के सिपाही ने अभद्रता से कहा- ÷यह औरतें चोर हैं और यह तुम्हें तुम्हें परेशानी में डाल सकती हैं। जाओ और अपनी सीट पर बैठो यह मेरा काम है और उसे करने में दखल मत दो। पंडित जी यह वाक्य सुनते ही क्रोधित हो उठे। शायद जीवन में पहली और अंतिम बार वे इस क्रोधावेश में दिखे थे। उन्होंने पुलिस के सिपाही का हाथ पकड़ते हुए कहा-मैं देखता हूं कि तुम उन्हें कैसे मारते हो। अदालत उन्हें उनके और सामाजिक कार्यों के लिए दंड दे सकती है लेकिन एक स्त्री के साथ अभद्र व्यवहार को देखना मेरे लिए असहनीय है। पुलिस के सिपाही ने अपनी ड्यूटी को माना और क्षमा की प्रार्थना की। ऐसे एक अबला की रक्षा करने वाले मानवस्पर्शी, संवेदनशील मानवधर्मी थे दीनबंधु दीनदयाल।

### अंत्योदय के प्रणेता

आज राष्ट्रवाद का जो स्वरूप दिखाई दे रहा है उसके नींव डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पंडित जी के साथ मिलकर दशकों पहले रखी थी। उन्होंने अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया। कार्यकुशलता समर्पण को देखकर डॉक्टर मुखर्जी ने कहा था कि यदि मुझे दो दीनदयाल मिल जाते तो मैं पूरे हिंदुस्तान को बदल देता। वह अंतिम व्यक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का विकास चाहते थे। एक चौपाई बोलते थे परहित सरिस धर्म नाहिं भाई... दूसरों की भलाई करने से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। पंडित जी ने कहा था हमें सबके लिए काम करना है। जो गरीब है, सबसे पीछे और सबसे नीचे है वह दरिद्र ही अपना भगवान है। उसकी सेवा ही भगवान की सेवा है। पंडित जी का इस भावना और विचार को क्रियान्वित करने आज मानव कल्याण की विविध योजनाएं चलाई जा रही है। पंडित जी के बताए गए मार्ग पर चलकर हम एक शक्तिशाली, गौरवशाली, वैभवशाली और संपूर्ण भारत का निर्माण करेंगे। पथ प्रदर्शक, आदर्श नायक, राष्ट्र के महानिर्माता पं दीनदयाल उपाध्याय को एक बार पुनः नमनज! वीभत्स, साल 1978 की 10 फरवरी को दीनदयाल लखनऊ से पटना जा रहे थे। इसके लिए वे सियालदाह एक्सप्रेस में बैठे लेकिन 11 फरवरी को अलग सुबह तकरीबन 2 बजे, जब ट्रेन मुगलसराय स्टेशन पर पहुंची, तो वह ट्रेन में नहीं थे। स्टेशन के नजदीक ही उनका पार्थिव देह था। व्यथा अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय का महाप्रयाण आज भी एक रहस्यमय है?

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

दिल्ली विधानसभा चुनाव विश्लेषण

# आखिर दिल्ली में क्यों ढहा 'आप' का किला?



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली

दिल्ली में आम आदमी पार्टी का किला बुरी तरह ढ़ह गया है। आतिशी को छोड़कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया। 2015 में आम आदमी पार्टी ने 67 सीटें जीती थी लेकिन 2020 में यह संख्या घटकर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थी जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है। 27 साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार कुल 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थी और अब 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आम आदमी पार्टी के लिए नाक का बहुत बड़ा सवाल था लेकिन भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई?

दिल्ली में आप सरकार ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। अरविंद केजरीवाल ने यमुना को साफ करने, दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसा बनाने और साफ पानी उपलब्ध कराने जैसे जो तीन प्रमुख वादे दिल्ली की जनता से किए थे, वे एक दशक में भी पूरे नहीं हुए। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सांसद संजय सिंह इत्यादि पार्टी के शीर्ष नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और उनकी गिरफ्तारी ने पार्टी की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाते हुए 'आप' की भ्रष्टाचार विरोधी छवि को कमजोर किया। इन घटनाओं ने पार्टी की स्वच्छ राजनीति के दावे पर सवाल खड़े किए और जनता के विश्वास को कमजोर किया। खासतौर से केजरीवाल की गिरफ्तारी और बाद में उनके इस्तीफे के कारण पार्टी के नेतृत्व में अस्थिरता आई और केजरीवाल की विश्वसनीयता में बड़ी कमी आई। केजरीवाल ने हमेशा से वीआईपी कल्चर पर सवाल उठाए थे लेकिन शीशमहल के मुद्दे पर वे स्वयं 'वीआईपी कल्चर' के मुद्दे पर बुरी तरह घिर गए थे, भाजपा-कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर आप को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो ली ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली।



पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में बड़ा योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढ़ांचे में कमजोरी आई। इसके अलावा नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाओं में मुफ्त सेवाओं की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे 'रेवड़ी संस्कृति' कहकर आलोचना करते हुए इसे आर्थिक रूप से अव्यवहारिक बताया। इसके अलावा, इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में आई समस्याओं ने जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई, जिससे 'आप' की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढ़ांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। इसके अलावा प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढ़ेर जैसी समस्याओं का समाधान नहीं होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी थी। इन मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने मतदाताओं को निराश किया। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी 'आप' वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि वह सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को जारी करेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी।

विपक्ष और खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा भाजपा का मुखर प्रचार आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना। भाजपा ने आप सरकार की तमाम कमजोरियों को उजागर करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे, जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भ्रष्टाचार, विकास की कमी और अन्य मुद्दों पर केंद्रित अभियानों ने जनता के बीच आप के प्रति नकारात्मक धारणा बनाई। भाजपा ने सामाजिक और धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया, जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थी लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन नहीं होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका, जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करने के फैसले ने आप की रणनीतिक कमजोरी को उजागर किया और विपक्षी एकता की कमी का स्पष्ट संकेत दिया। इसका भी दिल्ली के मतदाताओं पर विपरीत प्रभाव पड़ा। पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। 2015 में कांग्रेस को 9.7 प्रतिशत मत मिले थे लेकिन 2020 में मतों का प्रतिशत गिरकर महज 4.3 फीसद रह गया था लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में 'आप' को ऐसी 'आपदा' करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया, जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया, उससे मतदाताओं के बीच आप की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा और प्रधानमंत्री के 'आपदा' वाले नारे से भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश कई गुना बढ़ा। दिल्ली की आबादी में पूर्वांचल (बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड) से आए लोगों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है और विपक्ष ने इस समुदाय की समस्याओं को नजरअंदाज करने के आरोप लगाते हुए आप सरकार को इस मुद्दे पर घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। छठ पूजा के दौरान यमुना नदी में जहरीले झाग की समस्या, आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने देना, बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों ने पूर्वांचली समुदाय में असंतोष बढ़ाया। इस उपेक्षा के कारण इस समुदाय का समर्थन आप से हटकर अन्य दलों की ओर गया और इसका नुकसान आप को भुगतना पड़ा।

बहरहाल, केजरीवाल का दावा था कि वे राजनीति में नैतिकता और शुचिता की राजनीति करने आए हैं लेकिन उन्होंने दूसरे राज्यों के चुनावों में जिस तरह से पैसा खर्च किया और दिल्ली में कोरोना काल के दौरान करोड़ों रुपये खर्च कर जो 'शीशमहल' बनवाया, उसे लेकर उन पर लगातार लगते रहे आरोपों का पार्टी के पास ही कोई कारगर जवाब नहीं था। देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के बड़े-बड़े दावों के बीच शराब घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के छींटे, केजरीवाल की तानाशाहीपूर्ण नेतृत्व शैली, उनका अड़ियल रवैया, इस तरह की बातों से मतदाताओं का केजरीवाल से मोहभंग होता गया और भाजपा एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरती गई। कुल मिलाकर, केजरीवाल की कथनी और करनी के बीच बड़ा अंतर आप की हार का बड़ा कारण रहा। दिल्ली की खस्ताहाल सड़कों और बारिश के मौसम में जलभराव के मुद्दे ने भी दिल्ली में केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ाई। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही इस मुद्दे पर आप को घेरा, जिसने आप की लुटिया डुबोने में बड़ी भूमिका निभाई।

### कविता
## कुंभ महात्म्य

घटती-घटना



प्रिया देवांगन
राजिम गरियाबंद छत्तीसगढ़

जहाँ जहाँ गिरे सुधा विशेष चारधाम हैं।
विराजमान देवता पवित्र कुंभ नाम है।।
प्रवाह स्वच्छ नीर पुण्य स्पर्श में उमंग है।
चले समीर मंद यज्ञ होम गंध संग है।।
विरंचि नीलकंठ विष्णु देवता विराजते।
निहारते समस्त भक्त ढोल ताल बाजते।।
दिनेश चंद्रमा बिखेरते प्रभा अनंत हैं।
पधारते प्रयागराज में अघोर संत हैं।।
ललाट धूलि भूमि का उठा सभी लगा रहे।
प्रकाश पुंज से मनुष्य भाग्य को जगा रहे।।
मिटा रहे विकार द्वेष भाव आत्म ज्ञान से।
शरीर हो रहा पवित्र धन्य गंग स्नान से।।
बढ़ा रहे महत्व धर्म का सभी सनातनी।
चलें सदैव भक्ति मार्ग हो गरीब या धनी।।
करो प्रणाम हे मनुष्य कुंभ मोक्ष स्त्रोत है।
प्रयाग भक्ति धर्म से सदैव ओतप्रोत है।।

### कविता
## सरिता की धारा

घटती-घटना



उदय किशोर
जयपुर
जिला-बांका,बिहार

पत्थर के सीने पे
कल-कल बहती तेरी जल धारा
सागर से मिलने चल पड़ी हो
छुकर दो किनारा
रे पावन नदिया तूँ है
कितनी जग को प्यारी
तुमसे है हमारा जीवन
तुमसे है जीव की यारी
पहाड़ों की उदगम स्थल
से निकल चल पड़ी हो
जन जीव की सेवा भाव ले
जमीं पे खड़ी हो
तुँ है पावन गंगा तुँ पावन है
सरस्वती तुँ यमुना
तूँ है गोदावरी कावेरी
नर्मदा जग ने है माता माना
तेरी धारा युग-युग से
धरा पे बहती है आयी
कई एक सभ्यता संस्कृति
तेरी आँचल में समाई
तैरे तट पे बना शहर
व मानव का अशियाना
तुँ ही एक हिन्द की
नजीर दुनियाँ ने है माना
प्यासी जीवन की तृप्ति हो
तुम ओ मेरी माता
खेतों की हरियाली हो तुम
तुँ है हमारी अन्न दाता
तेरे बिना जीवन की
कल्पना करना है बेकार
तुँ ने दिया है मानव जीवन को
एक नई संसार
पर मानव कर रहा है
तुमसे दबंगता व मनमानी
गिराते हैं गन्दा नाला का
प्रदुषित कीटाणु पानी
तेरी काया जो भी करता है मूरख बेईमान
एक दिन पछतायेगा अभिमानी वो शैतान

# राष्ट्रीय मानसिक नैतिक,चारित्रिक शक्ति राष्ट्र की संपत्ति



संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़,

### प्रकृति का अनमोल उपहार स्वास्थ्य

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है। मनुष्य यदि स्वास्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता है। इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है। इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगाद्य फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55 प्रतिशत हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में हृदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्विट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# मतदान सामग्रियों के साथ मतदान दल कड़ी सुरक्षा के साथ पोलिंग बूथ के लिए रवाना

- कल सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा मतदान
- स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान हेतु 500 से अधिक बल तैनात
- सेक्टर अधिकारी सहित 700 अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई है ड्यूटी





- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगरीय निकाय चुनाव 2025 के लिए 11 फरवरी की सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। जिला निवार्चन आयोग ने इसके लिए तैयारी पूरी कर ली है। सोमवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अंबिकापुर से नगर पालिका निगम अंबिकापुर के लिए ,नगर पंचायत सीतापुर और नगर पंचायत लखनपुर में नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए प्रातः 10 बजे से मतदान सामग्री का वितरण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) विलास भोसकर ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए मतदान दलों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान निर्वाचन प्रेक्षक डॉ.संतोष कुमार देवांगन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार नायक, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त डीएन कश्यप, एसडीएम फागेश सिन्हा , सहायक नोडल अधिकारी गिरीश गुप्ता सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। जिले के तीनों नगरीय निकायों के स्ट्रांग रूम में सामग्री वितरण के काउंटर बनाए गए हैं। सामग्री वितरण के लिए अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त किए गए है। प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोला गया। जहां मतदान सामग्री के लिए बनाए गए काउंटर से मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं कर्मचारियों ने मतदान सामग्री प्राप्त कर मतदान सामग्री का मिलाना किया। इसके पश्चात सेक्टर अधिकारी सहित अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए कड़ी सुरक्षा के साथ रवाना हुए।

### 48 वार्ड के लिए 143 मतदान केन्द्र

अम्बिकापुर नगर निगम के 48 वार्ड के लिए 143 मतदान केंद्रों के लिए पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें 27 पीठासीन एवं मतदान दलों को रिजर्व रखा गया है। इसी तरह सीतापुर नगर पंचायत के 15 वार्ड के 15 मतदान केंद्र के लिए पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें 4 पीठासीन एवं मतदान दलों को रिजर्व रखा गया है। लखनपुर नगर पंचायत के 15 वार्ड के लिए 15 मतदान केंद्रों में पीठासीन एवं मतदान दलों की नियुक्ति की गई है। जिसमें 4 पीठासीन एवं मतदान दलों को रिजर्व रखा गया है।

### सुरक्षा के किए गए हैं कड़े इंतजाम

नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु सुरक्षा व्यवस्था के प्रर्याप्त इंतजाम किए गए हैं, पुलिस, नगर सेना, फोरेस्ट गार्ड और कोटवार सहित तकरीबन 500 से अधिक जवानों को शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए तैनात किया गया है। नगरीय निकाय में सेक्टर अधिकारियों सहित तकरीबन 700 अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्र निर्वाचन हेतु ड्यूटी लगाई गई है। नगरीय निकाय क्षेत्रों में कुल 10 मतदान केंद्रों को संवेदनशील चिन्हित किया गया है। जिसमें अम्बिकापुर में नगर निगम में 8 मतदान एवं लखनपुर में 2 मतदान केंद्र संवेदनशील चिन्हित किए गए हैं। वहीं निर्वाचन कार्य के लिए अम्बिकापुर में 47, सीतापुर में 5, और लखनपुर में 4 वाहन आवंटित किए गए हैं।

### निर्वाचन हेतु बनाया गए आदर्श मतदान केंद्र

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु जिले में 7 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें नगर निगम अम्बिकापुर में 5 आदर्श मतदान केंद्र शामिल हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 55 (प्राशा केदारपुर गुरु घासीदास वार्ड), मतदान केंद्र क्रमांक 25 (बीटीआई अम्बिकापुर), मतदान केंद्र क्रमांक 78 (शा कन्या उमा विद्यालय अम्बिकापुर), मतदान केंद्र क्रमांक 96 (शा कन्या महाविद्यालय अंबिकापुर) एवं मतदान केंद्र क्रमांक 109 (नगर पालिका हाई स्कूल अम्बिकापुर) को आर्दश मतदान केंद्र बनाया गया है,इसी तरह नगर पंचायत सीतापुर में वार्ड क्रमांक 3 (अग्रसेन वार्ड) को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है, नगर पंचायत लखनपुर में वार्ड क्रमांक 7 (दीन दयाल उपाध्याय वार्ड) को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है।



## सरगुजा से शौर्य सर्राफ का छत्तीसगढ़ फैंसिंग टीम में हुआ चयन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

68वीं राष्ट्रीय स्तर फैंसिंग शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन पटना में किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ फैंसिंग टीम हिस्सा लेंगी। छत्तीसगढ़ टीम में सरगुजा जिले से राष्ट्रीय स्तर खिलाड़ी शौर्य सर्राफ का चयन अंडर-19 में हुआ है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि शौर्य सर्राफ ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। शौर्य सराफ फैंसिग खेल का अभ्यास कोच राजेश प्रताप सिंह के देख रेख में गांधी स्टेडियम के बास्केटबॉल ग्राउंड में अभ्यास करता है। शौर्य सर्राफ कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कई राष्ट्रीय स्तर के फैंसिंग प्रतियोगिता में खेल चुका है। कोच ने बताया कि गांधी स्टेडियम में फैंसिंग खेल का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है और साथ ही आधुनिक संसाधन के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरगुजा जिला में निरंतर फैंसिग खेल मे कई उपलब्धियां हासिल कर चुका है और आगे भी सरगुजा फैंसिग खेल से नाम रोशन होगा।

## बकरी चोरी के मामले में 2 नबालिग सहित तीन आरोपी व एक खरीददार गिरफ्तार

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

तीन नग बकरी चोरी के मामले में रघुनाथपुर चौकी पुलिस ने दो नाबालिग सहित तीन आरोपी व एक खरीदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार अली हुसैन ग्राम बटवाही पुलिस चौकी रघुनाथपुर का रहने वाला है। 7 फरवरी की रात को अज्ञात चोर द्वारा इसके घर से तीन नग बकरी चोरी कर ली गई थी। अली ने मामले की रिपोर्ट रघुनाथपुर चौकी में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मामले में दो नाबालिग सहित आरोपी अक्षय पिता भगवान उम्र 21 वर्ष निवासी देवरी डुमरपारा थाना बतौली को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि चोरी की बकरी को रायकेरा टोकोपारा थाना सीतापुर निवासी नुरूल्ला खान 3 हजार रुपए एडवांस लेकर बेचना बताया। जिसके निशानदेही पर पुलिस ने खरीदार को भी गिरफ्तारर किया है। पुलिस ने खरीदार के कब्जे से चोरी की बकरी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।




## 27.5 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

थाना गांधीनगर, दरिमा व मणिपुर पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। 5 आरोपियों के कब्जे से कुल 27.5 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई के दौरान गांधीनगर पुलिस ने आरोपिया मंजू मुण्डा उम्र 40 वर्ष निवासी गंगापुर थाना गांधीनगर के कब्जे से 4 लीटर, बसंती बाई उम्र 40 वर्ष निवासी बढनीझरिया थाना गांधीनगर के कब्जे से 7.5 लीटर, सरिहानो बाई उम्र 40 वर्ष साकिन पटेलपारा थाना गांधीनगर के कब्जे से 8 लीटर, थाना मणीपुर पुलिस ने आरोपी रामबिलास खेस उम्र 40 वर्ष निवासी भाथूपारा थाना मणीपुर के कब्जे से 3.5 लीटर, थाना दरिमा पुलिस आरोपी हकीम यादव उम्र 42 वर्ष निवासी सखौली नवापारा थाना दरिमा के कब्जे से 4.5 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



## शिक्षिका के घर में घुसकर तीन नकाबपोश बदमाशों ने लूटे रुपए व जेवरात

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

ग्राम कुनमेरा मुडापारा में 7 फरवरी की रात को नकाबपोश तीन बदमाशों ने शिक्षिका के किराए के मकान का छप्पर डोड़कर अंदर घुस गए लूटपाट किया है। बदमाशों ने शिक्षिका को जान से मारने की धमकी देकर सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी रुपए लूटकर फरार हो गए हैं। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट सीतापुर थाना में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार दिव्याकांता टोप्पो ग्राम बीसबहरी थाना बगीचा का मूल निवासी है। वह सीतापुर थाना क्षेत्र के ढोडागांव में शा हाई स्कूल में शिक्षिका है। वह ग्राम कुनमेरा मुडापारा के टंकेश्वर यादव के मकान में किराये में रहती है। 7 फरवारी की रात को वह अपने किराए के मकान में थी। रात्री करीब 1. 30 बजे तीन नाकाबपोश बदमाश घर का छानी तोडकर अंदर घुस गए और शिक्षिका को जान से मारने की धमकी देते हुए आलमारी 35 सौ रुपए नकदी, टाप्स सोने का दो जोड़ी, दो जोड़ी पायल, मंगलसूत्री, स्कूटी की चाभी, एटीएम कार्ड, पेन कार्ड सहित अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। शिक्षिका ने मामले की रिपोर्ट सीतापुर थाना में दर्ज कराई है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सडक़ हादसे में घायल युवक की इलाज दौरान मौत

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिला के भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम तेलगवां खोखापारा निवासी एक युवक सडक़ हादसे में घायल हो गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक के मामा कमलेश राजवाड़े ने पुलिस को बताया कि दीपक पिता जुगेश्वर 25 वर्ष 9 फरवरी को शाम करीब 7 बजे उनका भांजा दीपक घर से बाइक में लेबर को बैठाकर छोडने गया था। वापस लौटते समय चुनगुड़ी के पास मुख्य मार्ग में एक्सीडेंट हो गया, जिसमें उसे सिर और चेहरे में गंभीर चोट आई थी। परिजन निजी वाहन से उसको मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे यहां 10 फरवरी को सुबह 6.30 बजे उसकी मौत हो गई। सडक़ हादसा कैसे हुआ, यह पुष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती





- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

भगवान विश्वकर्मा की जयंती 10 फरवरी को धूमधाम से मनाई गई। विश्वकर्मा सेवा समिति मेरिन ड्राइव द्वारा विशेष तैयारी की है। मेरिन ड्राइव स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विधिविधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर मंदिर पूजा अर्चना करने सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित नेता भी पहुंचे।

विश्वकर्मा सेवा समिति के अध्यक्ष जयसियाराम विश्वकर्मा ने बताया कि सुबह 9 बजे सुन्दरकांड, 10 बजे भगवन विश्वकर्मा की पूजन, 11 बजे हवन, 12 बजे गणेश वंदना के साथ बच्चों का फुलवारी कार्यक्रम, 1 बजे समाज द्वारा बुजुर्गों का सम्मान समारोह, 1.30 बजे भंडारा का आयोजन व शाम 7 बजे आरती की गई। इस दौरान राकेश विश्वकर्मा, रंजन शर्मा, उपेन्द्र विश्वकर्मा, रविन्द्र विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, जितेन्द्र विश्वकर्मा, नवलकिशोर शर्मा, शेषनाथ विश्वकर्मा, रविन्द्र शर्मा, ब्यास विश्वकर्मा, रामजी विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, शिवनाथ विश्वकर्मा, भोलानाथ विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, अशोक शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# चुनाव से पहले डॉ. अजय तिर्की का जोरदार जनसंपर्क,कांग्रेस पर फिर भरोसे का दावा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

मतदान के एक दिन पूर्व आज कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी डॉ अजय तिर्की ने शहर के मुख्य मार्गो में डोर टू डोर प्रचार किया। विगत पखवाड़े भर के जनसंपर्क के बाद उन्होंने विश्वास जताया है कि अम्बिकापुर शहर की जनता एकबार फिर कांग्रेस में भरोसा जताएगी। उन्होंने कहा कि हमने शहर के लिए व्यवहारिक और उपयोगी घोषणा पत्र दिया है। जो कि जन सरोकार से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस में ही वो क्षमता है कि वो शहर को एक विशिष्ट पहचान दे सकती है। उन्होंने कहा कि ये काम सिर्फ हमने किया है और आगे भी



हम ही करेंगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव और डॉ अजय तिर्की दोनों ने शहर की जनता से अधिक से अधिक मतदान की अपील की है। पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने अपील की है कि इस बार एक ही EVM में 2 बार बटन दबा कर महापौर और पार्षद उम्मीदवारों को मतदान करना है ऐसे में पूर्ण मतदान के लिए सतर्कता के साथ मतदान करें।

# राजपत्रित पुलिस अधिकारियो के नेतृत्व मे सुरक्षा बलों के साथ निकाला गया फ्लैग मार्च

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिले में नगरिया निकाय चुनाव हेतु 11 फ़रवरी को मतदान होना है। इससे पहले शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्भीक एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करवाने हेतु पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री योगेश पटेल (भा.पु.से.) के दिशा निर्देशन मे पुलिस राजपत्रित अधिकारियो के नेतृत्व मे पेट्रोलिंग पार्टी के जवानों के साथ शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान लगभग 100 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारी पुलिस पेट्रोलिंग वाहनो से शहर के पुलिस लाईन से निकलकर महामाया चौक, सदभावना चौक, महामाया मंदिर, नवागढ़, खरसिया नाका, अग्रसेन चौक, प्रकाश हॉस्पिटल, बाबूपारा, न्यू बस स्टैंड, तुलसी चौक, गंगापुर, होटल माखन बिहार, साईं मंदिर, गांधीनगर गाँधी चौक, नवापारा, आकाशवाणी चौक, चौपाटी, जोड़ा पीपल, गुदरी चौक, प्रतापपुर चौक, बंगाली चौक से वापस पुलिस लाईन पहुंची, फ्लैग मार्च के द्वारा आमनागरिकों कों मतदान प्रक्रिया से पूर्व सुरक्षा का अहसास दिलाने के साथ साथ असामाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्यवाही किये जाने की हिदायत देते हुए मतदान दिवस के दिन शत प्रतिशत मतदान करने की आमनागरिकों से अपील की गई, सरगुजा पुलिस द्वारा आगामी नगरिया निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न करवाने फ्लैग मार्च निकाला गया है। जिले में सुगम निर्वाचन सम्पन्न कराए जाने हेतु



पुलिस प्रशासन की टीम तैयार है। राजपत्रित पुलिस अधिकारियो के नेतृत्व मे सुरक्षा बल के लगभग 100 जवानों के साथ शहर के संभावित संवेदनशील इलाकों में भी फ्लैग मार्च किया गया है, फ्लैग मार्च के माध्यम से मतदान को प्रभावित करने वालों तत्वों को कड़ी चेतावनी के साथ संदेश दिया जा रहा है कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी किए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।



# कलेक्टर ने नगर पंचायत सीतापुर के स्ट्रांग रूम और आदर्श मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।


नगर निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर ने सोमवार को नगर पंचायत सीतापुर के स्ट्रांग



रूम और आदर्श मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, मतदान सामग्री की उपलब्धता और समुचित प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम के सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ने आदर्श मतदान केंद्र में वोटिंग की सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

# आगामी नगरीय निकाय चुनाव क़े दौरान शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु 04 राजपत्रित पुलिस अधिकारियो क़े नेतृत्व मे 600 से अधिक की संख्या मे सुरक्षा बल जिले मे रहेगा तैनात





- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले मे नगरीय निकाय चुनाव क़े लिए दिनांक 11/02/25 कों मतदान होना हैं, मतदान प्रक्रिया से पूर्व मे जिले मे विशेष सुरक्षा व्यवस्था हेतु 04 राजपत्रित पुलिस अधिकारियो क़े नेतृत्व मे 600 से अधिक की संख्या मे पुलिस अधिकारी कर्मचारी जिले भर मे कर्तव्यस्थ किये गए हैं, मतदान केन्द्रो मे 400 से अधिक पुलिस जवान, होमगार्ड के जवान सहित वनरक्षक (विशेष पुलिस अधिकारी) कर्तव्यस्थ रहेंगे, 100 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारी पेट्रोलिंग पार्टी मे तैनात किये गए हैं, सरगुजा पुलिस द्वारा जिले मे शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया

- » मतदान केन्द्रो मे 400 से अधिक पुलिस जवान एवं विशेष पुलिस अधिकारी रहेंगे कर्तव्यस्थ, 100 से अधिक पुलिस जवान पेट्रोलिंग पार्टी मे रहेंगे कर्तव्यस्थ
- » 21 पेट्रोलिंग टीम द्वारा लगातार जिले मे भ्रमण कर रखी जायगी चाक चौबंध सुरक्षा व्यवस्था
- » जिले मे क्यूआरटी दस्ता सहित रिजर्व फ़ोर्स क़े कुल 50 से अधिक अधिकारी कर्मचारी कंट्रोल रूम से निरंतर बनाये रखेंगे सम्पर्क, त्वरित कार्यवाही हेतु तकनिकी संसाधनों से होंगे लैश
- » सरगुजा पुलिस द्वारा जिले मे शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया हेतु पर्याप्त संख्या मे पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों कों तैनात कर की गई हैं विशेष सुरक्षा व्यवस्था
- » पोलिंग बूथ मे लगे सुरक्षाकर्मियों कों मतदान केंद्र तक जाने वाली बसों मे बैठाकर किया गया रवाना, सुरक्षा का विशेष ध्यान देने किया गया निर्देशित

हेतु पर्याप्त संख्या मे पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों कों जिले भर मे तैनात किया गया हैं, ताकि निर्बाध तरीके से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जा सके।

जिले मे रिजर्व फ़ोर्स की व्यवस्था की गई हैं जिसमे 50 पुलिस अधिकारी कर्मचारी तैनात रहकर 24/7 किसी भी मतदान केंद्र मे पहुंचने हेतु तैयारी क़े हालत मे रहेंगे, जिले मे सुरक्षा व्यवस्था हेतु क्यूआरटी टीम क़े 20 जवानों द्वारा किसी भी हालत से निपटने जाली बॉडीगार्ड सहित केन एवं अन्य तकनिकी संसाधनों से लैश होकर लगातार कंट्रोल रूम क़े सम्पर्क मे रहेंगे एवं त्वरित रूप से कार्यवाही करेंगे,साथ ही 21 पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा लगातार जिले मे भ्रमण कर चाक चौबंध सुरक्षा व्यवस्था का निर्धारण किया जायगा, साथ ही मतदान प्रक्रिया कों निर्बाध रूप से जारी रखा जायगा, इसके साथ ही पोलिंग बूथ मे तैनात किये गए सुरक्षाकर्मियों कों मतदान केंद्र तक जाने वाली बसों मे बैठाकर मतदान दल क़े साथ रवाना किया गया हैं, पुलिस अधिकारियो कर्मचारियों कों मतदान केंद्र की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने निर्देशित किया गया हैं।

# मां-बेटे घर के बाहर बेहोशी की हालत में पड़े मिले,इलाज के दौरान महिला की मौत

## दिमागी रूप से कमजोर दो पुत्रों के साथ घर में थी महिला,मारपीट की संभावना

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिला के सनावल थाना अंतर्गत एक अधेड़ महिला और मानसिक रूप से कमजोर एक पुत्र के गंभीर स्थिति में घर के बाहर संदेहास्पद स्थिति में अचेत अवस्था में पड़े रहने का मामला प्रकाश में आया है। दोनों के शरीर में चोट का निशान था, जिससे मारपीट की संभावना बनी हुई है। घायल महिला की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरपान निवासी सरस्वतिया विश्वकर्मा पति केतवारू विश्वकर्मा के पुत्र विजय विश्वकर्मा ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी को बताया है कि 9 फरवरी को अलसुबह वह अपने पिता केतवारू विश्वकर्मा और बहन सीमा विश्वकर्मा के साथ ग्राम सलवाही स्थित ननिहाल गया था। घर में मां सरस्वतिया विश्वकर्मा और बड़े भाई विनोद विश्वकर्मा और संजय विश्वकर्मा थे। घर में मौजूद दोनों भाई विगत 8-10 वर्षो से मानसिक रूप से बीमार है। 9 फरवरी की सुबह लगभग 6 बजे चचेरा भाई देव कुमार विश्वकर्मा उन्हें मोबाइल पर फोन करके घर में मारपीट होने की जानकारी देते हुए मां और भाई को इलाज कराने के लिए लेकर अस्पताल लेकर जाने कहा। इसकी सूचना मिलने पर वह अपनी नानी मानमति विश्वकर्मा के साथ अपने घर डुमरपान आया तो मां सरस्वतिया और पास में ही उसका बड़ा भाई संजय घर के बाहर कटहल पेड़ के पास जमीन पर बेहोशी की हालत में पड़े थे। मां के सिर में चोट का निशान था, जिससे खून निकल रहा था वहीं भाई भी चोटिल अवस्था में था। दोनों को निजी वाहन से वे डिण्डो स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, यहां से प्राथमिक उपचार के बाद सरस्वतिया की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने वाड्रफनगर अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां से भी इलाज के बाद उसे चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजन उसे देर रात 2.55 बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के पुत्र का बयान लेने के बाद मामले में मर्ग कायम करके पोस्टमार्टम कराया है। मारपीट की घटना को किसने अंजाम दिया, यह अपुष्ट है।

# बैल के हमले में घायल वृद्ध की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम कुबेरपुर निवासी श्रीराम नगेसिया 65 वर्ष बैल के हमले में घायल हो गया। गंभीर स्थिति में परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराए थे, यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक कुबेरपुर निवासी श्रीराम 9 फरवरी को शाम लगभग 5 बजे घर के पास रोड के किनारे खड़ा था। इसी बीच दो बैल लड़ते हुए वृद्ध के पास पहुंच गए और उस पर हमला कर दिया। वृद्ध सडक़ पर गिर गया, जिसमें उसे सिर में चोट आई थी और मुह से खून निकल रहा था। स्वजन निजी वाहन से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां इलाज के दौरान रात 8.30 बजे वह दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम करके मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# डाक मतपत्र के जरिए अधिकारी, कर्मचारियों ने किया मतदान,लोकतंत्र के महापर्व में निभाई अपनी जिम्मेदारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के तीन नगरीय निकायों में 11 फरवरी को मतदान होना है। इसके पहले




मतदान ड्यूटी में संलग्न अधिकारी, कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के जरिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्राप्त जानकारी अनुसार निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया गया है। जिसमें अंबिकापुर नगर निगम महापौर के लिए 15 एवं पार्षद के लिए 15 डाक मत पत्र से मतदान किए गए। वहीं नगर पंचायत सीतापुर के अध्यक्ष के लिए 39 एवं पार्षद के लिए 38 डाक मतपत्र से मतदान किए गए हैं।

# कुसमी जनपद क्षेत्र के गांव-गांव में चल रहा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों का प्रचार-प्रसार,अब जल्द ही बनेगी गांव की सरकार



- संवाददाता -
कुसमी,10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

लोकसभा विधानसभा चुनाव के बाद ग्राम पंचायतों में भी चुनावी बिगुल बज चुका है कौन कौन सरपंच पंच डीडीसी और बीडीसी बने गा इसका फैसला तो गांव की जनता ही करेगी गांव गांव में प्रचार पसार को दौरा चल रहा है जनता भी अपने प्रत्याशियों का प्रचार पसार देख रही है जगह जगह पर जनता आपस में चर्चा भी कर रही है प्रत्याशियों को लेकर चलिए जानते है कुसमी जनपद क्षेत्र के बारे में यहां पर क्या चल रहा है गांव की सरकार बनाने को लेकर,दरअसल मिली जानकारी के मुताबिक यहां पर कुल 19 बीडीसी का पद है जिनमें 115 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे है तो वहीं सरपंच के 77 पद के लिए 416 प्रत्याशी और पंच के 992 पदों के लिये 2042 प्रत्याशियों है जिनमें 310 वार्ड के पंच निर्विरोध चुनाव जीत चुके है यानि यह सब प्रत्याशियों के सामने कोई चुनाव नहीं लड रहा है जिसकी वजह से यह निर्विरोध चुनाव जीत चुके है,वही बाकी सभी पदों के लिए सभी प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना खूब मेहनत का पसीना बहा रहे है और जीत को लेकर ग्रामीण जनता का दिल जीतने की पुरजोर कोशिश कर रहे है, 17 फरवरी को कुसमी जनपद क्षेत्र के गांवों में मतदान होना है और फिर मतगणना के बाद यह पता चल जायेगा कि गांव की जनता अपने अपने क्षेत्र से किस प्रत्याशी को अपना आशीर्वाद दिया है,बहरहाल गांव गांव में अभी तो सभी प्रत्याशी अपने अपने चुनाव चिन्ह को लेकर प्रचार पसार करने में व्यस्थ है ।वही प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी भी शांति पूर्ण ढंग से चुनावी कार्य सम्पन्न हो सके इसके लिए खुब मेहनत करते नजर आ रहे है।

# शांतिपूर्ण मतदान हेतु सरगुजा पुलिस द्वारा 73 निगरानी एवं गुंडा बदमाशों की हाजरी लेकर दी गई सख्त चेतावनी

- » किसी भी अनैतिक गतिविधियों मे शामिल होना पाये जाने पर सख्त वैधानिक कार्यवाही किये जाने की दी गई समझाईस
- » पुलिस टीम द्वारा कुल 29 निगरानी एवं गुंडा बदमाशों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही
- » पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन मे जिले भर मे अभियान चलाकर मतदान प्रक्रिया से पूर्व शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई कार्यवाही

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर आमनागरिकों को आगामी मतदान प्रक्रिया हेतु निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से आज दिनांक को पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री योगेश पटेल (भा.पु.से.)के निर्देशन मे सभी थाना/चौकी प्रभारियों को जिले के निगरानी एवं गुंडा बदमाशों की सम्बंधित थानो मे हाजरी करवाकर सख्त पुलिसिंग के माध्यम से मतदान प्रक्रिया को निर्बाध रूप से संपन्न करवाने हेतु सख्त चेतावनी देने के दिशा निर्देश दिए गए थे।

इसी क्रम मे प्रत्येक थाना/चौकी प्रभारी द्वारा अपने अपने थाना अंतर्गत निवास करने वाले कुल 73 निगरानी एवं गुंडा बदमाशों की सम्बंधित थाने मे हाजरी करवाकर शांतिपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया,कार्यवाही के दौरान 29 निगरानी एवं गुंडा बदमाशों कों प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई,निगरानी एवं गुंडा बदमाशों कों मतदान प्रक्रिया मे किसी भी प्रकार की बाधा पहुंचाने पर सख्त वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई, साथ ही निगरानी एवं गुंडा



बदमाशों को चुनावों के दौरान अपने अपने निवास पर उपस्थिति रहने के निर्देश दिए गए,पुलिस पेट्रोलिंग टीम द्वारा समय समय पर चेक किये जाने पर अपने निवास मे उपस्थिति होना पाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

सरगुजा पुलिस द्वारा निगरानी एवं गुंडा बदमाशों की चेकिंग अभियान सम्पूर्ण जिले मे चलाकर आसामजिक तत्वों को कड़ा सन्देश दिया गया हैं, जिससे की मतदान प्रक्रिया निर्बाध रूप से संपन्न किया जा सके एवं आदर्श आचार संहिता का प्रभावी रूप से पालन हो।

# पटना नगर पंचायत में भाजपा की बड़ी सफलता महन्त समर्थक को किया पार्टी में शामिल

» महंत समर्थक को भाजपा में शामिल करने में वार्ड क्रमांक 6 के भाजपा पार्षद प्रत्याशी का अतुलनीय योगदान

» महंत समर्थन का भाजपा में शामिल होने से भाजपा पार्षद प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 6 का जीतना तय

» वार्ड क्रमांक 6 के भाजपा प्रत्याशी का पार्टी के लिए यह योगदान राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि






-रवि सिंह-
कोरिया/पटना, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के पहले नगर पंचायत चुनाव जो नवनिर्मित नगर पंचायत पटना में होने जा रहा है। इस चुनाव के दौरान कई सारी चीजें देखने व सुनने को मिल रही हैं, आज मतदान होना है, और प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला 15 फरवरी को होना है। पर यह चुनाव किसी रोमांचक फिल्म से कम नहीं है। अलग-अलग तरह की चीज व समीकरण बनते हुए, बिगड़ते हुए देख गए। भारतीय जनता पार्टी द्वारा वार्ड पार्षद के टिकट प्राप्त करने के बाद वार्ड को जीतना इनके जैसे कद के नेता के लिए जहां काफी आसान होना चाहिए था। वहीं वार्ड को जीतने के लिए साम दाम दंड भेद सभी नीतियां अपनाई गई। विपक्षियों के आरोप के अनुसार इनके द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन का मामला भी सामने आया। इसी बीच निर्वाचन से एक दिन पूर्व एक बड़ी घटना तब घटित हुई जब उनके वार्ड में निर्दलीय लड़ रहे पार्षद प्रत्याशी जो कि छत्तीसगढ़ के बड़े नेताओं में शुमार चरणदास महंत के कट्टर समर्थक माने जाते रहे हैं, उनका अप्रत्याशित रूप से भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश एक बहुत बड़ी उपलब्धि भी देखने को मिली। वह उपलब्धि यह थी कि भाजपा ने महंत समर्थक को चुनाव के ठीक 1 दिन पूर्व अपनी पार्टी में शामिल कर लिया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के बड़े कांग्रेसी नेता चरणदास महन्त के कट्टर समर्थक को पार्टी में शामिल कराने में भाजपा के वार्ड क्रमांक 6 के प्रत्याशी की भूमिका अहम है। जिसे शामिल कराया गया भाजपा में उसके शामिल होने से वार्ड क्रमांक 6 के भाजपा प्रत्याशी की जीत भी तय हो गई है। जिन्हें शामिल किया गया है, वह कोई साधारण व्यक्ति नहीं है, वह नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के बहुत बड़े समर्थक हैं ऐसा सूत्रों का दावा है। भाजपा ने उसे शामिल कराकर जिस तरह से फोटोशूट कराया इससे तो यह साबित हो गया कि वह काफी बड़ा कद वाला व्यक्तित्व है जो की भाजपा के लिए उपलब्धि के समान है। चुनाव पूर्व की इस उपलब्धि को प्राप्त करने में वार्ड क्रमांक 6 के भाजपा पार्षद प्रत्याशी कि इस उपलब्धि को नगर पंचायत पटना की जनता उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक उपलब्धि बता रहे हैं।

## यह भी दिखा इस चुनाव में...

पहले जीवन भर कांग्रेसी विचार धार से जुड़े रहे और पटना ग्राम पंचायत में सरपंच पद पर लंबी पारी खेल चुके वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष के भाजपा प्रत्याशी का अप्रत्याशित रूप से विगत लोकसभा चुनाव में भाजपा में शामिल होना, कई माह तक इस बात को गुप्त बनाए रखना, पटना नगर पंचायत बनने के विरोध में सबसे पहले इन्हीं के द्वारा आंदोलन खड़ा करना, और उसके बाद पटना नगर पंचायत अध्यक्ष सामान्य महिला होने पर एकाएक भाजपा के कार्यक्रम में सामने आना, किसी रहस्यमयी कथा से कम नहीं रहा। उसके बाद पटना भाजपा के सबसे कद्दावर नेता का महिला आरक्षित होने के कारण दावेदारी से हटना और वार्ड पार्षद के लिए नामांकन करना भी बहुत ही अप्रत्याशित रहा। क्योंकि जहां वार्ड पार्षद उनके राजनीतिक जीवन में प्राप्त उपलब्धियां के आगे काफी छोटा पद है, उस पर दावेदारी लोगों के लिए चौंकाने वाला विषय रहा। यह भी बात उतने ही सत्य है कि भाजपा के पास कोई और चारा नहीं था भाजपा मजबूत प्रत्याशी के साथ ही जाना चाह रही थी, जिस वजह से उन्हें सिर्फ पूर्व सरपंच ही मजबूत लगी, जिस पर उन्होंने दावा खेलना ज्यादा उचित समझा, वही पूर्व सरपंच के लिए भी एक बड़ी पार्टी में जाना कहीं ना कहीं उनको प्रमोशन जैसा ही देखा गया, और पार्टी से लेकर क्षेत्र की जनता भी इन्हें विंग अध्यक्ष मान रहे हैं, बस सिर्फ आज मतदान के बाद 15 तारीख को परिणाम आने की देरी है। उनपर भाजपा भी नजर इसलिए बना के राखी क्योंकि इन्होंने अभी तक कुशल राजनीति सरपंच पद पर करते आई हैं और कहीं ना कहीं उन्हें पंचायत चुनाव का काफी अच्छा अनुभव था, जिस अनुभव पर भाजपा का दाव लगाना भी लाजमी माना जा रहा है वहीं दूसरी राष्ट्रीय पार्टी में उन्हें शामिल करने का कोई भी प्रयास भी नहीं किया।

## पटना नगर पंचायत चुनाव

### अध्यक्ष सहित 15 वार्डों के पार्षदों के लिए 4,298 पुरूष महिला मतदाता आज करेंगे मतदान




### 15 फरवरी को निकलेगा परिणाम

-संवाददाता-
कोरिया/पटना, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिले के एकमात्र नगरीय निकाय पटना नगर पंचायत में आगामी 11 फरवरी 2025 को चुनाव संपन्न होंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। पटना नगर पंचायत में कुल 4,298 मतदाता ईवीएम के माध्यम से 15 वार्डों के लिए मतदान करेंगे। इनमें पुरुष मतदाता 2,099 और महिला मतदाता 2,199 हैं, यहाँ महिला मतदाताओं की संख्या पुरूष मतदातओं से अधिक है, जबकि तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या निरंक है। नगर पंचायत क्षेत्र के 4,298 मतदाता 11 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करेंगे। मतगणना 15 फरवरी को होगी, जिसके साथ नगर पंचायत का नया नेतृत्व तय होगा।

#### चुनाव से जुड़ी मुख्य बातें

पटना नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 1 और वार्ड पार्षद के 15 पदों के लिए चुनाव होगा। बता दें निर्वाचन व्यय सीमा अध्यक्ष पद के लिए 6 लाख रुपये और वार्ड पार्षद पद के लिए 1 लाख तय की गई है। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन शुल्क 10,000 रुपए और वार्ड पार्षद के लिए 1,000 रुपए निर्धारित किया गया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशियों के लिए यह राशि आधी होगी।

#### वार्डों के नाम और मतदाता विवरण

नगर पंचायत के 15 वार्डों में भगत सिंह, मदन मोहन मालवीय, लोकमान्य तिलक, लाल बहादुर शास्त्री, संत रविदास, चंद्रशेखर आजाद, शहीद वीर नारायण, स्वामी विवेकानंद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, रानी लक्ष्मीबाई, रविंद्र नाथ टैगोर, सुभाष चंद्र बोस, डॉ. अब्दुल कलाम, डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड शामिल हैं।

# कलेक्टर व डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

-संवाददाता-
सूरजपुर, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



नगरीय निकाय चुनाव हेतु जिले में बनाए गए 5 स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का सोमवार को कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन व डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने निरीक्षण कर मतगणना की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान दोनों अधिकारियों के द्वारा मतगणना के बेहतर संचालन और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए वहां मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर व डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना कक्ष, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, मीडियाकर्मियों की बैठक व्यवस्था, राउंडवार उद्घोषणा की व्यवस्था, अभ्यर्थियों के मतगणना एजेंट का प्रवेश एवं उनकी बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी व्यवस्था, पर्याप्त बिजली व्यवस्था, पार्किंग, आगमन, निर्गमन, पेयजल सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। मतगणना ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय पूर्व मतगणना स्थल पहुंचने, सौपें गए दायित्वों का पूर्ण सतर्कता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। मतगणना के दौरान भारी संख्या में पुलिस के अधिकारी व जवानों की तैनाती होगी, इस दिन वाहनों की पार्किंग सुव्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने स्ट्रॉन्ग रूम में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश ना कर सके इसलिए स्ट्रॉन्ग रूम के चारों तरफ सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। यहां सशस्त्र पुलिस के अधिकारी-जवानों की सुरक्षा इंतजाम है। इस दौरान डीएफओ श्री पंकज कमल, सहित प्रशासन व पुलिस के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# हत्या का प्रयास आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कब्जे से एक देसी कट्टा एवं 4 जिंदा कारतूस बरामद

-संवाददाता-
कोरबा, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



कोरबा शहर के थाना सिविल लाइन, रामपुर, क्षेत्र का मामला है जहाँ प्रार्थी द्वारा होटल एवं घर-घर दूध बेचने का कार्य किया जाता है, ने पुलिस को बताया कि दिनांक 08.02.2025 को शाम 06:30 बजे वह रोज की तरह रवि डेयरी के पीछे स्थित फैक्ट्री में दूध देने गया था।

इसी दौरान विधि से संघर्षरत 03 बालक पीड़ित को देखकर संदिग्ध रूप से आसपास चक्कर लगा रहे थे। जब वह फैक्ट्री के अंदर दूध देने गया, तभी हिमांशु यादव हाथ में देसी कट्टा लेकर वहां पहुंचा। जैसे ही प्रार्थी फैक्ट्री से बाहर निकला, हिमांशु यादव ने उस पर कट्टे से फायर कर दिया। प्रार्थी ने तत्काल फैक्ट्री का गेट बंद कर खुद को बचाया, जिससे वह किसी भी गंभीर चोट से सुरक्षित रहा। इसके बाद उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोरबा, सिद्धार्थ तिवारी (भा.पु.से.) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान के मार्गदर्शन में, साइबर सेल प्रभारी रविन्द्र कुमार मीना (भा.पु.से.) तथा नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के नेतृत्व में साइबर सेल एवं थाना सिविल लाइन की संयुक्त टीम आरोपियों की तलाश में जुट गई। मुखबिर की मदद से आरोपी हिमांशु यादव एवं विधि से संघर्षरत 2 अन्य बालकों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद हिमांशु यादव के कब्जे से 01 देसी कट्टा, 4 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपी हिमांशु यादव को अपराध क्रमांक 75/2025 धारा- 307, 109, 3(5) BNS, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर विधि से संघर्ष में दो बालकों की पारिवारिक पृष्ठ भूमि भराई जाकर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। इसमें विधि से संघर्षरत एक बालक पर पहले भी एक अन्य मामले में हत्या के प्रयास का एक मामला सिविल लाइन थाने मे पंजीबद्ध है।

# परीक्षा से पहले तनावमुक्त रहने के लिए पीएम मोदी के खास टिप्स

## कोरिया जिले में परीक्षा पे चर्चा 2025 का सफल आयोजन



-संवाददाता-
कोरिया, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

परीक्षा के दौरान छात्रों में बढ़ते तनाव को कम करने और उन्हें आत्मविश्वास से भरने के उद्देश्य से परीक्षा पे चर्चा 2025 का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले के 274 माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के 22,377 छात्र-छात्राओं, 1,366 शिक्षकों, 17,316 अभिभावकों और 292 अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा से पहले तनाव को कम करने, पढ़ाई को मजेदार बनाने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कई उपयोगी सुझाव दिए, जिन्हें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बड़ी उत्सुकता से सुना।

### बैकुंठपुर में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में किया गया, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेंद्र कुमार गुप्ता, सहायक संचालक श्री प्रकाश तिवारी, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी के खास टिप्स

परीक्षा की तैयारी को बेहतर और तनावमुक्त बनाने के लिए पीएम मोदी ने महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। हर किसी के पास 24 घंटे होते हैं, लेकिन उनका सही उपयोग करना सफलता की कुंजी है। क्रिकेट और अन्य खेलों से टीम वर्क, धैर्य और लक्ष्य निर्धारण की प्रेरणा लें। डिजिटल साधनों को पढ़ाई में सहायक बनाएं, लेकिन सतर्क रहें। दिमाग को तरोताजा रखने के लिए रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें। परीक्षा को एक अवसर के रूप में देखें, भय को खुद पर हावी न होने दें।यदि किसी विषय में अपेक्षित परिणाम न मिले तो हार न मानें, बल्कि उसे सुधारने की कोशिश करें। सूर्य स्नान, गहरी सांस लेने की तकनीक और संतुलित आहार से ऊर्जा बनाए रखें। सही और सटीक उत्तर देने की आदत विकसित करें।परीक्षा के दौरान माता-पिता और शिक्षकों को बच्चों का सहयोगी बनना चाहिए, न कि उन पर दबाव डालना चाहिए।

### छात्रों और शिक्षकों ने दी सकारात्मक प्रतिक्रिया

कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने कहा कि पीएम मोदी के सुझावों से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अब परीक्षा को तनाव के बजाय एक रोमांचक चुनौती के रूप में देखेंगे। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे न केवल छात्रों को बल्कि माता-पिता और शिक्षकों को भी परीक्षा के दौरान सकारात्मक माहौल बनाए रखने की प्रेरणा मिली। परीक्षा पे चर्चा 2025 कार्यक्रम के माध्यम से कोरिया जिले के हजारों छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने और सफलता के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सीख मिली। इस आयोजन ने परीक्षा को बोझ नहीं बल्कि एक आनंददायक अनुभव बनाने का संदेश दिया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बृजेश पाण्डेय पिता स्व0 केदार नाथ पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी चोपड़ापारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 74/4 रकबा 0.101 हे0 में से 0.030 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय/व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 26/02/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

# क्या पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पति के दबाव में केवल एक घर से पानी निकालने कर दिया गया नाली निर्माण?



## स्टेट हाईवे के किनारे नाली निर्माण का कार्य हाईवे अथॉरिटी को या ग्राम पंचायत को...पंचायत राशि का उपयोग क्यों?

**15 वें वित्त की राशि का दुरुपयोग का मामला ग्राम पंचायत चिरगुड़ा का**

**ढलान में जहां पानी निकासी स्वयमेव हो जाता,वहां नहीं थी नाली की आवश्यकता**

**आपत्ति ना हो, इसके दिखावे के लिए बस्ती की दूसरी ओर भी किया नाली निर्माण**

**दोनों और की नालियों का जहां किया संगम,वहां पहले से ढलान की स्थिति में निकल जाता था पानी**

**अपने स्वयं के जनपद क्षेत्र में स्वीकृति न दिलाकर,सामंजस्य वाले सरपंच के क्षेत्र में ठेकेदारी करने दिलाई स्वीकृतिःसूत्र**

**15 वें वित्त की लाखों की राशि का उपयोग हो सकता था ग्रामीणों की भलाई के लिए**

**कई अन्य ग्राम पंचायत में भी 15वें वित्त की राशि का उपयोग कर किया निर्माण,और कार्यों को दिया अपना नाम**

### स्टेट हाईवे के किनारे नाली निर्माण का कार्य हाईवे अथॉरिटी को फिर ग्राम पंचायत की राशि का उपयोग क्यों?

जिस नाली निर्माण की बात की जा रही है, वह छत्तीसगढ़ स्टेट हाईवे के किनारे निर्मित की गई है। जहां पर नाली निर्माण का कार्य स्टेट हाईवे अथॉरिटी का है। और आवश्यक होने पर मांग करने पर स्टेट हाईवे के किनारे नाली निर्माण हाईवे अथॉरिटी करता। वहां पंचायत के मद के राशि का उपयोग क्यों किया गया, मामले में यह बड़ा सवाल है। जो काम पंचायत की राशि से अलग अन्य विभाग के मद से करवाया जा सकता था, उसके लिए पंचायत मद के राशि का उपयोग क्यों किया गया, यह सब देखने सुनने के बाद यही समझ में आता है कि इस नाली का निर्माण यदि हाईवे अथॉरिटी ने किया होता, तो उसकी गुणवत्ता भी बहुत अच्छी होती, जैसा कि इस हाइवे में अन्य स्थानों पर आवश्यक जगह पर हाईवे अथॉरिटी द्वारा कराया गया है। परंतु इसमें स्थानीय ठेकेदार को लाभ नहीं मिलता और गुणवत्ताविहीन कार्य करके भ्रष्टाचार के द्वारा पैसा नहीं कमाया जा सकता था। इसीलिए संभवतः पंचायत मद के राशि का दुरुपयोग किया गया।

### अपने स्वयं के जनपद क्षेत्र में स्वीकृति न दिलाकर,सामंजस्य वाले सरपंच के क्षेत्र में ठेकेदारी करने दिलाई स्वीकृति

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चिरगुड़ा के नाली निर्माण की स्वीकृति यदि जनपद पंचायत के 15 में वित्त से थी, तो यह स्वीकृति उन ग्रामों में की जानी थी, जो की पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती आशा साहू का निर्वाचित क्षेत्र था। परंतु ग्राम पंचायत चिरगुडा में तत्कालीन सरपंच पूरी तरह पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पति के पक्ष में थे, इसलिए यह स्वीकृति इस ग्राम में दिलाई गई, ताकि ठेकेदारी, निर्माण और भुगतान में किसी प्रकार की दिक्कत ना आए। सवाल यह है कि ग्राम पंचायत में होने वाले निर्माण कार्य की स्वीकृति चाहे जिस मद से हो, उसका व्यय ग्रामवासियों की भलाई के लिए किया जाना चाहिए। ना की ग्राम के रसूखदार लोगों के निजी सुविधाओं को ध्यान रखने के लिए। यदि नाली निर्माण में हुए इस खर्च का अनावश्यक प्रयोग इस कार्य में नहीं होता, तो ग्राम वासियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए इस राशि का सदुपयोग किया जा सकता था।






Payment Orders

Select Year
2024-2025

Purpose :
Naali Nirman Karye Shivnandan Ghar Se Main Road Hetu Samagri Ka Bhugtan

Amount : ₹ 40,000

Paid To :
RAJESH KUMAR SAHU

Bank Account No. :
************4455

IFSC Code :
*******1000

Voucher No./Date :
XVFC/2024-25/P/13
[07/Jan/2025]


Signed by Sachiv :
Neema Patel [1 mon 2 days ago]

Signed by Sarpanch :
Dev Kumari [1 mon 2 days ago]

Acknowledgement Received on :
1 mon 2 days ago

Payment Received on :
1 mon 1 day ago

e-Payment Order Created (1 mon 2 days ago)
Payment Proposed by (Sachiv) DSC (1 mon 2 days ago)
Signed by (Sarpanch) DSC (1 mon 2 days ago)
PFMS Process (1 mon 1 day ago)
Bank Payment (1 mon ago)



Select Year
2024-2025

Purpose :
Naali Nirman Karye Ganesh Dukaan Se Chouk Ki Or Hetu Samagri Ka Bhugtan

Amount : ₹ 1,62,000

Paid To :
RAJESH KUMAR SAHU

Bank Account No. :
************4455

IFSC Code :
*******1000

Voucher No./Date :
XVFC/2024-25/P/19
[01/Feb/2025]

Signed by Sachiv :
Neema Patel [7 days ago]

Signed by Sarpanch :
Dev Kumari [7 days ago]

Acknowledgement Received on :
7 days ago

Payment Received on :
7 days ago

e-Payment Order Created (7 days ago)
Payment Proposed by (Sachiv) DSC (7 days ago)
Signed by (Sarpanch) DSC (7 days ago)
PFMS Process (7 days ago)
Bank Payment (6 days ago)

View Work

-रवि सिंह-
कोरिया/पटना, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

सरकार पंचायत को मजबूत करने और विभिन्न स्तर के पंचायत के माध्यम से ग्रामीण जनता के जनहित में कार्य करने के लिए अथाह राशि देती है। परंतु इसका अंश मात्र भी ग्राम वासियों के वास्तविक भलाई के लिए उपयोग नहीं हो पाता, जिसका जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत चिरगुड़ा में कुछ दिन पूर्व हुए नाली निर्माण को देखकर समझ में आता है। सूत्रों का कहना है की लाखों की राशि 15 वें वित्त से भुगतान कर केवल एक घर, वह भी निवृत्तमान जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती आशा साहू के घर से पानी निकासी के लिए नाली निर्माण किया गया। और जिसकी ठेकेदारी पूर्व जनपद उपाध्यक्ष के पति ने स्वयं की। इस नाली की कतई कोई आवश्यकता नहीं थी, बल्कि जो राशि केवल एक घर को लाभ पहुंचाने के लिए खर्च कर दी गई, उस राशि का सदुपयोग ग्राम चिरगुड़ा की जनता की भलाई के लिए किया जा सकता था। कार्य की सूचना पटल को देखकर स्पष्ट नजर आता है कि योजना का नाम 15वां वित जनपद पंचायत भले ही है, परंतु निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत चिरगुडा रहा और नाली निर्माण में आए लागत का समस्त भुगतान ग्राम पंचायत के मद से किया गया। एजेंसी भले ही ग्राम पंचायत रही, परंतु निर्माण की पूरी ठेकेदारी पूर्व जनपद उपाध्यक्ष के पति ने की थी, और जिसका भुगतान भी अपने निकट के व्यक्ति के फर्म में किया गया। पांच लाख लागत की नाली का यह निर्माण जो केवल एक घर के सुविधा के लिए बनाया जा रहा था, इसका विरोध ना हो, इसके लिए इस नाली के विपरीत दिशा में छिंदिया चौक के पास एक अन्य नाली की स्वीकृति ग्राम पंचायत मद से कराई गई और ढलान, जहां पानी का प्रवाह अपने आप निचले खेतों की ओर हो जाता था,वहां अनावश्यक और गुणवत्ताविहीन नाली निर्माण जनपद उपाध्यक्ष पति के द्वारा कराया गया।

### कई अन्य ग्राम पंचायत में भी 15 वें वित्त की राशि का उपयोग कर किया निर्माण,और कार्यों को दिया अपना नाम

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष के पति द्वारा कई ऐसे ग्राम पंचायत जहां के सरपंच और सचिव इनके प्रभाव में थे, या उनके दबाव में थे, वहां भी ग्राम पंचायत के 15वें वित्त की राशि का धड़ल्ले से दुरुपयोग किया गया और अनावश्यक निर्माण कार्य और सामग्रियों के द्वारा 15वें वित्त की राशि का बंदरबांट किया गया। वहीं कई जगह चौक चौराहों पर जनता को दिखाने के लिए ऐसे निर्माण किए गए, जिन पर किए गए खर्च को यदि प्रत्यक्ष तौर पर जनता के लिए लाभकारी योजनाओं पर किया जाता तो शायद कोई और बात होती। यही नहीं, राशि तो पंचायत के मद से खर्च की गई, परंतु निर्माण कार्यों को अपना नाम देकर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तथा उनके पति द्वारा प्रचारित प्रसारित किया गया, जबकि वहां के सरपंचों को इसका क्रेडिट नहीं लेने दिया गया।

### 15वें वित्त की लाखों की राशि का उपयोग हो सकता था ग्रामीणों की भलाई के लिए

प्राप्त जानकारी और भुगतान की पड़ताल करने के बाद यह पाया गया कि नाली निर्माण के लिए फर्म राजेश कुमार साहू को क्रमशः 40 हजार, 1 लाख 62 हजार, 1 लाख 13 हजार 58 हजार और 1 लाख 42 हजार राशि का भुगतान विभिन्न तिथियों में ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव के माध्यम से किया गया। जोकि केवल एक घर की भलाई के लिए किए गए निर्माण के लिए निरर्थक साबित होता नजर आ रहा है। चूंकि निर्माण ऐसे स्थल पर हुआ है, जहां पर चिरगुडा खास के ग्रामीणों की नजर प्रायः नहीं पड़ती, इसलिए अभी तक इसका विरोध नहीं हो रहा था। परंतु जैसे ही ग्राम पंचायत चिरगुडा के निवासियों की नजर इसकी लागत और निर्माण कार्य के स्थल पर पड़ी तो इसका विरोध प्रारंभ हो गया। और प्रथम दृष्टि में ही इस निर्माण को देखने के बाद यह समझ में आता है कि इस नाली की वहां पर कोई आवश्यकता नहीं थी।

# जिले के आखिरी गांव के अंतिम घर तक पहुंची कलेक्टर चंदन त्रिपाठी

## सुनी जन-जन की बात, समस्या और जरूरत का होगा त्वरित निदान



### बुनियादी सुविधाओं के लिए तत्पर प्रशासन

कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से राशन वितरण की स्थिति जानी। साथ ही, दसेर से नीलकंठ और गोयनी मार्ग को सीसी रोड में तब्दील करने, सामुदायिक शौचालय बनाने और पुलिया निर्माण के लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, वहीं ग्राम दसेर में सोलर पंप को चालू करने के हिदायत दिए हैं ताकि ग्रामीणों को साफ पेयजल मिल सके।

### ग्रामीणों के हाथों बने चूल्हे की रोटी और टमाटर की चटनी खाई

दसेर गांव के अंतिम घर में पहुंचकर उन्होंने एक ग्रामीण महिला से योजनाओं की जानकारी ली और गांव के विकास को लेकर बातचीत की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी को इस दौरान उन्हें चूल्हे की रोटी और टमाटर की चटनी का स्वाद लेने का मौका मिला, जिसे उन्होंने बेहद स्वादिष्ट बताते हुए कहा, 'रोज तवा रोटी खाती हूं, आज चूल्हे की रोटी खाने का अवसर मिला, जो अविस्मरणीय है।'

### ग्रामीणों में उत्साह,प्रशासन से उम्मीदें बढ़ीं

कलेक्टर ने धनपुर में निर्मित पुलिया व सीसी रोड को गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के इस दौरे से ग्रामीणों में नई उम्मीद जगी है। उनके जमीनी निरीक्षण और तुरंत कार्रवाई के निर्देशों से यह साफ हो गया कि प्रशासन अब केवल कार्यालयों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।



-संवाददाता-
कोरिया, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

प्रशासनिक सक्रियता की अनूठी मिसाल पेश करते हुए जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के सबसे दूरस्थ गांव और मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के समीप ग्राम दसेर का शुक्रवार को दौरा किया और वहां के अंतिम घर तक पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। सीमावर्ती गांव तक पगडंडी पार कर पहुंची कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, आंगनवाड़ी और उचित मूल्य दुकान की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और सुधार के लिए तुरंत निर्देश जारी किए।

स्वास्थ्य केंद्र में जांच, सुविधाओं में होगा सुधार- कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की बात कही और बिजली-पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एएनएम सुनीता सिंह को स्वास्थ्य सेवाओं में कोई लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी गई। कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य केंद्र में पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### बच्चों के लिए पोषण और शिक्षा पर विशेष जोर

उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को बिस्किट और चॉकलेट बांटी तथा सहायिका को साबुन भी दिए साथ ही बच्चों में हाथ धोने की आदत विकसित करने को कहा। कुपोषण से बचाने के लिए पौष्टिक आहार की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के समीप कुंआ को ढंकने के निर्देश दिए ताकि किसी भी तरह की दुर्घटनाएं न हो।

### बच्चों ने गुड आफ्टरनून कहकर कलेक्टर का किया स्वागत

स्कूल पहुंचकर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बच्चों से संवाद किया, जहां बच्चों ने गर्मजोशी से 'गुड आफ्टरनून' कहकर उनका स्वागत किया। उन्होंने महासमुंद और जांजगीर-चांपा से आई शिक्षिकाओं के समर्पण की सराहना की और सम्बंधित अधिकारी को स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन बनने वाले रसोई कक्ष का निरीक्षण किया, उन्होंने रसोइयों को ज्यादा मात्रा में सब्जी और गाढ़ा दाल बच्चों को परोसने के निर्देश भी दिए।

# जनपद पंचायत चुनाव में दिग्गजों के बीच भाजपा प्रत्याशी का घोषणा-पत्र आया सामने

» तीन भूतपूर्व जनपद उपाध्यक्ष समेत 11 प्रत्याशी हैं क्षेत्र क्रमांक 11 में

» जनपद पंचायत बैकुंठपुर की सबसे हाई प्रोफाइल सीट मानी जा रही है क्षेत्र क्रमांक 11

» भाजपा प्रत्याशी अंकित जायसवाल के अलावा किसी अन्य ने नहीं जारी किया है घोषणा पत्र

» क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव और सभी वर्ग को लेकर चलने वाला घोषणा पत्र






-संवाददाता-
कोरिया/पटना, 10 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आहट पूरे छत्तीसगढ़ में सुनाई दे रही है। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के अलावा मतदाताओं का भी उत्साह नजर आ रहा है। पहले के चुनावों में सामान्यतः लोकसभा,विधानसभा और बड़े चुनाव में राजनीतिक पार्टियों अपने आने वाले विजन को सामने रखकर घोषणा पत्र चुनाव पूर्व जारी करती थीं। पर अब प्रत्येक स्तर के चुनाव में प्रत्याशियों ने जीत कर आने के बाद,जनता के लिए जो कार्य किए जाने हैं, इसकी रूपरेखा पहले ही तैयार कर घोषणा पत्र के रूप में जारी करने का और मतदाताओं तक अपनी बात को रखने का सशक्त माध्यम बना लिया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में कोरिया जिले के बैकुंठपुर जनपद पंचायत में 25 सदस्यों के चुनाव होने वाले हैं। इसमें क्षेत्र क्रमांक 11 सबसे हाई प्रोफाइल सीट माना जा रहा है। क्योंकि क्षेत्र क्रमांक 11 छिंदिया से तीन भूतपूर्व जनपद उपाध्यक्ष समेत भारतीय जनता पार्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं निर्दलीयों समेत कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। और सभी के सभी कद्दावर प्रत्याशी हैं, इनमें से कोई भी पहचान का मोहताज नहीं है। और सभी ने इस चुनाव को जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है। कौन किस पर भारी पड़ेगा, यह तो आने वाला समय बताएगा, परंतु चुनावी घमासान में मतदाताओं के मौन रहने के कारण चुनाव काफी रोचक बन गया है।

### भाजपा प्रत्याशी अंकित जायसवाल के अलावा किसी अन्य ने नहीं जारी किया है घोषणा-पत्र

जनपद पंचायत बैकुंठपुर के चुनावी घमासान में क्षेत्र क्रमांक 11 छिंदिया से घोषणा पत्र के रूप में पहली बाजी भाजपा समर्थित प्रत्याशी अंकित जायसवाल ने मारी है। चुनाव चिन्ह आवंटित होने के तत्काल बाद ही उन्होंने अपना घोषणा पत्र और अपना विजन जारी कर दिया,जो की देखने में हर वर्गों को ध्यान में रखने वाला और काफी आकर्षक है। अपने चुनाव प्रचार के दरमियान भाजपा समर्थित प्रत्याशी अपने घोषणा पत्र के बिंदुओं के आधार पर मतदाताओं के समक्ष रूबरू हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी अंकेत जायसवाल का घोषणा पत्र 26 बिंदुओं में है, जिसमें युवा वर्ग से लेकर गरीब, वंचित, निर्धन जनता और महिलाओं के लिए वे सभी वादे किए गए हैं, जो सामान्यतः जनता के मूलभूत आवश्कताओं को पूरा करते हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि अपने घोषणा पत्र के माध्यम से प्रत्याशी मतदाताओं को कितना अपनी ओर आकर्षित कर पाते हैं।

## एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए स्पेनिश टीमें भुवनेश्वर पहुंची

**नईदिल्ली, 10 फरवरी 2025।** स्पेन की पुरुष और महिला हॉकी टीमें एक साथ सोमवार को भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। ये टीमें भारत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 के मैच खेलने आई हैं।

पुरुष टीम 15 और 16 फरवरी को मेजबान भारत के खिलाफ खेलेगी, फिर 19 फरवरी को इंग्लैंड से मुकाबला होगा। वहीं, महिला टीम 15 और 16 फरवरी को जर्मनी से भिड़ेगी और 19 फरवरी को भारत के खिलाफ खेलेगी। अभी तक, दोनों स्पेनिश टीमें अपनी अंक तालिका में कमजोर स्थिति में हैं और जीत हासिल कर प्रो लीग अभियान में अपनी स्थिति सुधारना चाहती हैं। पुरुष टीम चार मैचों में सिर्फ एक जीत और एक ड्रॉ के साथ छठे स्थान पर है। महिला टीम चार मैच खेल चुकी है, लेकिन अब तक एक भी मुकाबला नहीं जीत पाई है और आठवें स्थान पर है। भुवनेश्वर पहुंचने पर स्पेन की पुरुष टीम के कप्तान अल्वारो इग्लेसियस ने कहा, हम भारत लौटकर बहुत उत्साहित हैं। हमने ऑस्ट्रेलिया में चार मैच खेले, लेकिन हमें अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। यहां हम अधिक मैच जीतने की कोशिश करेंगे। उन्होंने यह भी कहा, भारत में खेलना हमें हमेशा अच्छा लगता है क्योंकि यहां हॉकी बहुत लोकप्रिय है और स्टेडियम दर्शकों से भरा होता है।

# तीसरे वनडे से पहले जय शाह ने किया बड़ा ऐलान

### » मैच से पहले अहमदाबाद में होगा खास प्रोग्राम



**अहमदाबाद, 10 फरवरी 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के शुरुआती दो मुकाबलों को टीम इंडिया ने जीता और 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इस सीरीज में टीम इंडिया का प्रदर्शन अब तक काफी कमाल का रहा है। सीरीज का तीसरा मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा। यह मैच टीम इंडिया जीतकर इंग्लैंड की टीम को क्लीन स्वीप करना चाहेगी। वहीं इंग्लैंड की टीम पहली जीत की तलाश में होगी। ऐसे में फैंस एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद कर रहे होंगे। इसी बीच बीसीसीआई के पूर्व सचिन और मौजूदा आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने इस मुकाबले को लेकर एक बड़ा ऐलान किया है।

### जय शाह ने किया बड़ा ऐलान

टीम इंडिया और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले इस मुकाबले का आयोजन 12 फरवरी को किया जाएगा। इसे लेकर जय शाह ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया। जहां उन्होंने ऐलान किया कि इस अवसर पर अंग दान करें, जीवन बचाएं नाम से एक जागरूकता पहल शुरू की जाएगी। उन्होंने लिखा कि 12 फरवरी को अहमदाबाद में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे के अवसर पर, हमें एक जागरूकता पहल शुरू करने पर गर्व है - अंग दान करें, जीवन बचाएं। खेल में प्रेरणा देने, एकजुट होने और मैदान से परे स्थायी प्रभाव पैदा करने की शक्ति है। इस पहल के माध्यम से, हम सभी से सबसे बड़ा उपहार - जीवन का उपहार - देने की दिशा में एक कदम उठाने का आग्रह करते हैं। एक प्रतिज्ञा, एक निर्णय, कई जिंदगियां बचा सकता है। आइए एक साथ आएं और बदलाव लाएं!

### तीसरे वनडे में हो सकते हैं कुछ बदलाव


सीरीज के तीसरे मुकाबले में टीम इंडिया की प्लेइंग 11 में कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है। दरअसल चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह टीम इंडिया का आखिरी मुकाबला होने वाला है। ऐसे में रोहित शर्मा और टीम मैनेजमेंट अपने बेंच स्ट्रेंथ को आजमाना चाहेंगे। जिसके कारण अर्शदीप सिंह, ऋषभ पंत और वॉशिंगटन सुंदर प्लेइंग 11 में शामिल किए जा सकते हैं। यह तीनों प्लेयर चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया के स्क्वाड का हिस्सा हैं।

### इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया का स्क्वॉयड

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा

# भारत बनाम इंग्लैंड मैच में बिजली गुल मामले ने पकड़ा तूल

### » अब भेज दिया गया नोटिस



**कटक, 10 फरवरी 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला कटक में खेला गया। इस मैच को टीम इंडिया ने 4 विकेट से जीता। भारतीय टीम ने इसी के साथ इस सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा इस मुकाबले में स्टार रहे। उनके शतक के कारण टीम इंडिया ने इस मैच को बड़ी आसानी के साथ अपने नाम कर लिया। रोहित शर्मा ने इस मैच में 90 गेंदों पर 119 रनों की पारी खेली। उनकी इस पारी के दौरान एक ऐसी घटना घटी जिसके कारण ओडिशा सरकार को नोटिस भेजना पड़ गया है।

### बीच मैच में बत्ती हुई गुल

टीम इंडिया को इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे इस मुकाबले में भारतीय टीम 305 रन के टारगेट का पीछा कर रही थी। उसी वक्त अचानक से पारी के 7वें ओवर के दौरान स्टेडियम में मौजूद एक फ्लड लाइट ने काम करना बंद कर दिया। जिसके कारण मैच को रोक दिया गया और तकरीबन आधे घंटे तक मैच रुका रहा। इसकी वजह से काफी परेशानी भी हुई। अब ओडिशा सरकार ने राज्य के क्रिकेट एसोसिएशन को कारण बताओ नोटिस भेज दिया है। जिसका अब उन्हें जवाब देना होगा।

### जारी किया नोटिस

ओडिशा सरकार में स्पोर्ट्स डायरेक्टर सिद्धार्था दास ने जो नोटिस जारी किया है उसमें उन्होंने लिखा है कि 9 फरवरी 2025 को बाराबती स्टेडियम, कटक में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे एक दिवसीय इंटरनेशन क्रिकेट मैच के दौरान, एक फ्लड लाइट बंद हो गई और मैच बाधित हो गया। इस घटना के कारण मैच लगभग 30 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों को असुविधा हुई।

ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन (ओसीए) को व्यवधान के कारण के लिए एक विस्तृत स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने और उन व्यक्तियों/एजेंसियों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है जो ऐसी खामियों के लिए जिम्मेदार थे और भविष्य में इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए किए गए उपायों की रूपरेखा तैयार करें। इस लेटर की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर निष्कर्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए।



# लीजेंड 90 लीग में शिखर धवन का कमाल

### » दिल्ली की टीम को जिताया मैच

**रायपुर, 10 फरवरी 2025।** रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित लीजेंड 90 लीग के चौथे दिन का पहला मैच जहां दिल्ली रॉयल्स ने रॉयल अंदाज में जीता, तो दूसरे मैच में दुबई जाइंट्स ने भी गुजरात को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। रविवार शाम 4 बजे से शुरू हुए पहले मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बिग बॉयस की टीम दिल्ली रॉयल्स की गेंदबाजी के आगे पूरी तरह से नतमस्तक नजर आई, हालांकि नमन शर्मा (37) और अमरदीप सोनकर (32) ने महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम को 100 के पार जरूर पहुंचाया, लेकिन बाकी किसी खिलाड़ी से साथ न मिलने के कारण उनकी टीम निर्धारित 15 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 115 रन ही बना सकी।

### रन चेज में धवन का कमाल

116 रनों का पीछा करने उतरी दिल्ली रॉयल्स ने अपना आक्रामक अंदाज जारी रखते हुए पहले विकेट के लिए 97 रन जोड़े। जिसमें शिखर धवन ने पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 23 गेंदों पर नाबाद 50 रन, तो उनका साथ निभाने आए सिमन्स ने भी अपनी फॉर्म जारी रखते हुए 29 गेंदों पर ताबड़तोड़ 57 रन बनाए। उनकी पारी में छह चौके और चार छक्के शामिल थे। छक्के के साथ पचासा और टीम की जीत तय करने के लिए शिखर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बात गेंदबाजों की जाए तो दिल्ली खेमा आज पूरी तरह से लय में दिखा, अनुरीत सिंह ने जहां दो विकेट लिए तो परविंदर अवाना, लखविंदर सिंह, बिपुल शर्मा और राजविंदर सिंह के खाते में भी एक-एक विकेट रहा।

### कैसा रहा दूसरे मुकाबले का हाल

वहीं शाम 7 बजे से दुबई जाइंट्स और गुजरात सैंप आर्मी के बीच खेला गया दूसरा मुकाबला दुबई के नाम रहा। दुबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और वह उनके काम भी आया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और पहले ही ओवर में इशूरू उडाना ने कैमरून डेलपोर्ट को शून्य के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। जिसके बाद चिराग गांधी नाबाद (48) और थिसारा परेरा (42) ने टीम को संभालते हुए चार विकेट के नुकसान पर 137 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन दुबई के लिहाज से शायद यह कम रह गया।

रनों का पीछा करने उतरी दुबई आज अलग ही अंदाज में नजर आई। पिछले 2 मुकाबले हार चुकी दुबई के सलामी बल्लेबाज और कप्तान रिचर्ड लेवी ने 200 के स्ट्राइक रेट से 34 रन बनाकर टीम को मजबूत शुरुआत दी। जिसके बाद किथुरुआन विथांगे (26) और ब्रैंडन टेलर ने 25 गेंदों में 47 रन बनाकर 7 विकेट से इस मुकाबले को जीत लिया। 3 ओवर में 27 रन देकर 2 विकेट लेने के लिए विकास टोकस को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

# सीटी 2025 से पहले टेंशन में पाकिस्तान

### चोट के कारण धाकड़ गेंदबाज हो जाएगी छुट्टी

**करांची, 10 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आयोजन में अब बस कुछ दिन बचे हैं। पाकिस्तान टूर्नामेंट की मेजबानी को लेकर बेहद उत्साहित है लेकिन इससे पहले ही मेजबान देश को बड़ा झटका लगा है।



दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपने घर में ट्राई-नेशन वनडे सीरीज खेल रही है। इस सीरीज के दौरान पाकिस्तान का एक धाकड़ गेंदबाज चोटिल हो गया है। ये गेंदबाज और कोई नहीं तेज गेंदबाज हारिस रऊफ हैं। 8 फरवरी को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए ट्राई-नेशन वनडे सीरीज के पहले मैच में हारिस रऊफ चोटिल हो गए। हारिस राउफ को ये चोटल न्यूजीलैंड की पारी के दौरान 37वें ओवर में लगी। हारिस टीम फिजियो द्वारा जांच किए जाने का इंतजार किए बिना ही मैदान से बाहर चले गए, जिसके कारण ऑलराउंडर सलमान आगा को उनका ओवर पूरा करना पड़ा। मैदान छोड़ने से पहले पाकिस्तान के इस तेज गेंदबाज ने 6.2 ओवर गेंदबाजी की थी, जिसमें उन्होंने 23 रन देकर एक विकेट लिया था। इसके बाद आशंका जताई जाने लगी कि हारिस रऊफ का ट्राई सीरीज के साथ-साथ चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना मुश्किल लग रहा है। इस घटना के 1 दिन बीत जाने के बाद अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी की ओर बड़ा अपडेट सामने आया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हारिस रऊफ की चोट पर बड़ा अपडेट दिया है। पाकिस्तान बोर्ड के अनुसार, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज को खेल के दौरान छाती के निचले हिस्से में मोच आ गई और उन्हें ट्राई नेशन वनडे सीरीज में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पाकिस्तान के मैच में आराम दिया जाएगा।



# आयरलैंड ने लगाई जीत की हैट्रिक

**आयरलैंड, 10 फरवरी 2025।** आयरलैंड ने सोमवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ यहां खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन 63 रन से जीत दर्ज की, जिससे उसने लगातार तीसरे टेस्ट मैच में सफलता हासिल की। यह आयरलैंड के लिए एक ऐतिहासिक जीत थी क्योंकि 2017 में उसे इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से ऑल टाइम मेंबर का दर्जा प्राप्त हुआ था, जिसके बाद से उन्होंने टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू किया। हालांकि, आयरलैंड को अपने पहले सात टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब उसने लगातार तीन मैचों में जीत दर्ज की है।

### काफी अहम रही आयरलैंड की जीत

आयरलैंड की यह जीत काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने पिछले साल मार्च में अफगानिस्तान को हराने के बाद जिम्बाब्वे को भी हराया, जो उसकी टेस्ट क्रिकेट में एक और मजबूत उपलब्धि है। जिम्बाब्वे के सामने 292 रन का लक्ष्य था, लेकिन उनकी टीम 228 रन पर आउट हो गई, जिससे आयरलैंड को जीत हासिल हुई। जिम्बाब्वे की ओर से वेस्ली मेदवर ने शानदार 84 रन की पारी खेली, लेकिन उनकी कोशिशों के बावजूद टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी।

### आगे भी टीम को सफलता की उम्मीद

आयरलैंड की गेंदबाजी में बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू हम्फ्रेस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और मैच में छह विकेट लेकर जिम्बाब्वे को कम स्कोर पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने आयरलैंड की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस जीत के साथ, आयरलैंड ने अपनी टेस्ट क्रिकेट यात्रा में एक नई दिशा दी है और यह साबित किया कि उसने अब टेस्ट क्रिकेट में एक मजबूत टीम के रूप में अपनी पहचान बनाई है। इस तरह की लगातार जीत आयरलैंड के क्रिकेट के लिए एक सकारात्मक संकेत है और भविष्य में और भी सफलता की उम्मीद जताई जा रही है।

# शिवांगी वर्मा ने बताया, बैडएस रवि कुमार में कैमियो के लिए क्यों हुईं तैयार



हिमेश रेशमिया स्टारर हालिया रिलीज फिल्म बैडएस रवि कुमार में अभिनेत्री शिवांगी वर्मा ने कैमियो भूमिका निभाई है। फिल्म में वर्मा, प्रभु देवा की प्रेमिका की भूमिका में नजर आई हैं। उन्होंने बताया कि इस रोल के लिए उन्होंने हामी क्यों भरी।अभिनेत्री ने उन कारणों का खुलासा किया, जिनकी वजह से उन्हें यह भूमिका निभाने का मौका मिला। फिल्म में प्रभु देवा के साथ कैमियो रोल में नजर आईं शिवांगी ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। हालांकि, उनकी भूमिका छोटी है, लेकिन वह प्रभु के साथ काम करने के अवसर और अनुभव को महत्वपूर्ण मानती हैं।वर्मा ने बताया, मैंने फिल्म में प्रभु देवा के साथ उनकी प्रेमिका की भूमिका निभाई है। यह एक छोटी सी भूमिका है, लेकिन मैंने इसके लिए हां कहा, क्योंकि यह हिमेश रेशमिया का प्रोजेक्ट था। मैं उनके साथ दूसरी बार काम कर रही हूं। फिल्म रिलीज हो चुकी है और दर्शकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया सामने आई। मैं हिमेश रेशमिया की हमेशा से फैन रही हूं और उनके साथ यह मेरा दूसरा प्रोजेक्ट है, जो इसे और भी खास बनाता है। हर प्रोजेक्ट में वह जिस एनर्जी, विजन और जुनून के साथ काम करते हैं, वह बेमिसाल है।अभिनेत्री ने आगे कहा, यह फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि मैंने हिमेश के साथ साल 2007 में आई फिल्म आपका सुरूर में तेरे प्यार में' गाना गाया था। यह गाना बैडएस रवि कुमार में भी है! बस अंतर इतना है कि इस बार वह इसमें किसी दूसरी हीरोइन के साथ हैं लेकिन गाने का जादू वही है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि बैडएस रवि कुमार फिल्म में वह सब कुछ है, जो आप हिमेश रेशमिया की फिल्म से उम्मीद करते हैं। फिल्म में हाई-एनर्जी, सुपर एंटरटेनिंग, ज्ञान से भरपूर उनका विजन है। फिल्म के माध्यम से उन्होंने दर्शकों को एक ऐसी कहानी दी है, जिसे दर्शक कभी नहीं भूल सकते।शिवांगी ने आगे बताया, शूट के लिए मुंबई से मस्कट तक का मेरा सफर बेहद सहज और आसान रहा। पहले दिन से ही सब कुछ जाना-पहचाना और सहज लगा। मेरा पहला दिन कॉस्ट्यूम ट्रायल था। टीम में पुराने लोगों को देखकर मुझे खुशी हुई। टीम के सदस्य हिमेश रेशमिया मेरे पहले एल्बम में भी थे। जाने-पहचाने चेहरों को देखकर मुझे घर जैसा महसूस हुआ और मैं उसी समय समझ गई थी कि इस प्रोजेक्ट के साथ मुझे खास अनुभव होने वाला है।अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में वर्मा ने बताया, मैं एक फिल्म की शूटिंग कर रही हूं। मेरे साथ फिल्म में अभिनेता गोविंद नामदेव सर हैं और मैं अपना तीसरा शेड्यूल पूरा करने वाली हूं। उम्मीद है कि सब कुछ अच्छा होगा।

# जब एक्ट्रेस को अनिल कपूर को करना पड़ा किस

## डर से हाल हुआ बेहाल, सालों बाद डायरेक्टर पर निकाली भड़ास



आज-कल फिल्मों में किसिंग सीन सामान्य बात हो चुकी है। 90 प्रतिशत फिल्मों में किसिंग सीन देखने को मिलते हैं। लेकिन, कुछ सालों पहले तक ऐसा नहीं था। ऐसी कम ही फिल्में होती थीं, जिनमें किसिंग सीन होते थे। ऐसे सीन्स को फिल्माने से पहले आमतौर पर कलाकारों को पहले से इसके लिए तैयार कर दिया जाता है।मगर, 2007 में रिलीज हुई सलाम-ए-इश्क में ऐसा नहीं हुआ। इस मूवी में एक-दो नहीं कई सारे स्टार नजर आए थे। अंजना सुखानी भी इस फिल्म का हिस्सा थीं। इस फिल्म में उनका एक किसिंग सीन भी था। ये किसिंग सीन अनिल कपूर के साथ था, लेकिन अभिनेत्री को पहले से इसकी जानकारी नहीं थी।अंजना सुखानी ने खुद इसे लेकर खुलासा किया और बताया कि ना तो उन्हें इस किसिंग सीन के बारे में बताया गया था और ना ही स्क्रिप्ट में इसका जिक्र था। डायरेक्टर ने बस अचानक ही उन्हें इस किसिंग सीन को करने को कह दिया, जिसके चलते वह बेहद असहज हो गई थीं।बॉलीवुड हंगामा के साथ बातचीत में अंजना सुखानी ने इस किस्से का जिक्र किया और डायरेक्टर निखिल आडवाणी पर अपनी भड़ास निकाली। एक्ट्रेस ने बताया कि अनिल कपूर को किस करने वाली डिमांड ने उन्हें हैरान कर दिया था, क्योंकि उन्हें इसके बारे में पहले से नहीं बताया गया था।अंजना के अनुसार, उन्हें इस किसिंग सीन की ना तो जानकारी दी गई थी और ना ही स्क्रिप्ट में इसका जिक्र था। ऐसे में वह इसके लिए मेंटली तैयार नहीं थीं और ना ही ऐसा करने के लिए उन्हें टाइम मिला। लेकिन, क्योंकि वह उन दिनों इंडस्ट्री में नई-नई थीं, इसलिए कुछ नहीं कह पाई।अंजना ने फ्रेशर होने के दौरान के प्रेशर के बारे में बात की और बताया कि कैसे नए लोगों को अक्सर हल्के में लिया जाता है। क्योंकि, उन्हें लगता है कि वे उल्टा नहीं लड़ेंगे और चुपचाप उनकी डिमांड मान लेंगे।अंजना कहती हैं- %मुझे आखिरी तक उस सीन के बारे में कुछ नहीं बताया गया था। जब हम सेट पर पहुंचे, तब अचानक इस सीन की डिमांड की गई। लेकिन, एक स्टारकिड के साथ ऐसा नहीं होता। मैं घबरा गई ती, हैरान थी। मेरे आसपास ऐसा कोई नहीं था, जिसे ये बता सकूं। मुझे बस ये कहा गया कि तुम्हे ये करना ही होगा।

CMYK

# छत्तीसगढ़ के अस्पतालों में आयुष्मान योजना में घोटाला

» छापेमारी के बाद 28 अस्पतालों पर गिरी गाज

» 15 को योजना से किया बाहर और 8 को निलंबित

**रायपुर, 10 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना में फिर से एक बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। प्रदेश के कई निजी अस्पतालों ने इस योजना का दुरुपयोग कर सरकार से करोड़ों रुपये का फर्जी क्लेम किया। ऐसे ही 28 अस्पतालों में की गई छापेमारी के बाद 15 अस्पतालों को योजना से बाहर कर दिया गया है, वहीं कई अन्य को निलंबित किया गया और कुछ को चेतावनी दी गई है। इनमें बालको हॉस्पिटल, आरोग्या, शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, रामकृष्ण केयर, एसएससी हर्ट अस्पताल, बिलासपुर के मार्क, शिशु भवन और महादेव जैसे अस्पताल भी शामिल हैं।

## केंद्र से मिली सूचना के आधार पर हुई छापेमारी

दरअसल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से छत्तीसगढ़ को ऐसे अस्पतालों की लिस्ट कुछ इनपुट के साथ भेजी गई थी। इसके बाद छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया के निर्देश पर हेल्थ कमिश्नर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अगुवाई में एक विशेष जांच टीम गठित की गई। 29 जनवरी को 14 टीमों ने एक साथ रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर सहित आसपास के के निजी अस्पतालों पर छापेमारी की।
छापे की यह कार्यवाही बड़े ही गोपनीय ढंग से की गई, जिसके चलते अस्पतालों को गड़बड़ी छुपाने का कोई मौका नहीं मिला। इस दौरान रिकॉर्ड जब्त किए गए और सभी दस्तावेजों की गहन जांच की गई।










## इस तरह की मिली गड़बड़ियां

जांच में अधिकांश अस्पतालों में आयुष्मान योजना में मरीजों से नगद पैसा लेने, एमबीबीएस डॉक्टर का नहीं होना, अस्पताल में नर्स का नहीं होना और पैथो जांच का स्केन्ड सिग्नेचर वाला रिपोर्ट मिला। नियमानुसार पैथो टेस्ट का ऑरिजिनल सिग्नेचर की रिपोर्ट होनी चाहिए। इन निजी अस्पतालों ने गरीबों के इलाज के नाम पर फर्जी क्लेम कर सरकारी कोष को लूटा। कई अस्पताल बिना डॉक्टर के मिले, तो बिलासपुर के मार्क अस्पताल में निरीक्षण के समय एमबीबीएस डॉक्टर के बजाए आयुर्वेदिक डॉक्टर मिले। स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने अस्पतालों में छापेमारी कर झूठे दस्तावेज और भ्रष्टाचार का पर्दाफाश किया।

## अस्पताल में मरीज कम पर इंट्री ज्यादा की

जांच में यह भी खुलासा हुआ कि अस्पतालों के रजिस्टर में मरीजों की ज्यादा संख्या की इंट्री की गई थी, मगर अस्तपाल में उतने मरीज मिले नहीं। अर्थात ज्यादा मरीज दिखाकर आयुष्मान योजना को चूना लगाया गया।

## इन 8 अस्पतालों का किया गया निलंबन

विभाग ने गड़बड़ी वाले 8 अस्पतालों को 3 से 6 महीने के लिए सस्पेंड कर दिया गया है, यानी ये अस्पताल इस दौरान आयुष्मान योजना के तहत इलाज नहीं कर पाएंगे।

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर
श्री साईं हॉस्पिटल बिलासपुर
मातृ स्मृति हॉस्पिटल रायपुर
पल्स हॉस्पिटल दुर्ग
आरोग्य हॉस्पिटल रायपुर
आराध्या हॉस्पिटल यूनिट ऑफ आराध्या हेल्थ केयर बिलासपुर
जुनेजा आई हॉस्पिटल बिलासपुर
शिव शक्ति हॉस्पिटल बिलासपुर

इन अस्पतालों को चेतावनी देकर छोड़ा
जिन अस्पतालों में कम गड़बड़ियां मिलीं उन्हें स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी पत्र जारी किया है।

### ये हैं ऐसे अस्पताल

1.अशोक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर
बालको मेडिकल सेंटर, रायपुर
श्री शिशु भवन, बिलासपुर
श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, दुर्ग
यशोदानंदन चिल्ड्रन हॉस्पिटल, दुर्ग

## इन अस्पतालों पर गिरी गाज

छापेमारी के दौरान जिन अस्पतालों में गड़बड़ियां मिलीं,उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जवाब मिलने के बाद स्वास्थ्य संचालक डॉ0 प्रियंका शुक्ला ने गंभीर गड़बड़ियों वाले 15 अस्पतालों को आयुष्मान योजना से बाहर कर दिया। इन सभी को राज्य सरकार के इम्पेनल लिस्ट से बाहर कर दिया गया है।

**ये है इन अस्पतालों की सूची:-**
श्री मंगला हॉस्पिटल बिलासपुर
मोरे हॉस्पिटल रायपुर
गुडविल मेडिकल साइंस रायपुर
अग्रवाल हॉस्पिटल रायपुर
स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल भिलाई
मार्क हॉस्पिटल बिलासपुर
एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर दुर्ग
रामकथा हॉस्पिटल रायपुर
श्री कृष्णा हॉस्पिटल बिलासपुर
महादेव हॉस्पिटल बिलासपुर
एसएमसी हेल्थ इंस्टीट्यूट एंड आईवीएफ़ रिसर्च सेंटर रायपुर
कान्हा चिल्ड्रन हॉस्पिटल रायपुर
नोबल मेडिकेयर एण्ड रिसर्च सेंटर बिलासपुर
हाई टेक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल दुर्ग
श्री श्याम हॉस्पिटल रायपुर

## स्वस्थ बच्चों को बीमार बताकर किया इलाज

जांच के दौरान टीमों को यह गड़बड़ी भी मिली कि कई अस्पतालों में स्वस्थ बच्चों को बीमार बताकर एनआईसीयू में डाल दिया गया। दरअसल कई अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी फ्री है। ऐसे मामलों में आयुष्मान से वसूली के लिए स्वस्थ बच्चों को भी बीमार बताकर उनका इलाज शुरू कर दिया जाता है। जानकारी मिली है कि में साढ़े तीन किलो के बच्चे को भी बीमार बताकर आईसीयू में डाल दिया गया। ऐसे अस्पतालों पर भी गाज गिरी है।

## फर्जी क्लेम की होगी रिकवरी

स्वास्थ्य विभाग ने यह भी साफ कर दिया है कि जिन अस्पतालों ने गलत तरीके से क्लेम किया है, उनसे पूरी रकम वसूली जाएगी। घोटाले में संलिप्त अस्पतालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

## घूस देने का प्रयास रहा विफल

जांच के दौरान कुछ अस्पताल प्रबंधकों ने रिश्वत देकर मामला दबाने की कोशिश की,लेकिन स्वास्थ्य सचिव के सख्त आदेशों के चलते टीम ने पारदर्शिता बनाए रखी। एक अधिकारी ने तो बताया कि हमें लाखों रुपये ऑफर किए गए, लेकिन हमने सच को सामने लाने का फैसला किया।

## जिन्होंने रायपुर में 'भेंट' दी वे बच गए

हालांकि सूत्र यह भी बताते हैं कि पहले की तरह इस बार भी कुछ अस्पताल संचालकों ने आयुष्मान के जिम्मेदार अफसरों को 'भेंट' देकर अपनी गर्दन बचा ली। डॉक्टरों के बीच चर्चा है कि जिन अस्पताल संचालकों ने रायपुर आकर 'मुलाकात' कर ली उन्हें कार्यवाही से बचा लिया गया।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### फर्जी दस्तावेजों के सहारे रह रहे 3 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार




**एटीएस की बड़ी कार्रवाई**

**रायपुर, 10 फरवरी 2025 (ए)।** राजधानी में एंटी टेररिज्म स्क्वाड ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये लोग फर्जी दस्तावेजों के जरिए अवैध रूप से रायपुर में रह रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से आधार कार्ड, राशन कार्ड और अन्य फर्जी प्रमाणपत्र बरामद हुए हैं। अधिकारियों का मानना है कि इन फर्जी दस्तावेजों को किसी स्थानीय गिरोह की मदद से तैयार किया गया होगा। एटीएस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या इनका किसी बड़े नेटवर्क से संबंध है। इस कार्रवाई से अवैध घुसपैठ और फर्जी दस्तावेज बनाने वाले नेटवर्क पर शिकंजा कसने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस और एटीएस टीम इस मामले की तह तक जाने के लिए लगातार जांच में जुटी हुई है। यह कार्रवाई राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### पूजा विधानी के खिलाफ सुनवाई कल होना तय



**बिलासपुर, 10 फरवरी 2025 (ए)।** भाजपा महापौर प्रत्याशी के जाति प्रमाण पत्र से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध न कराए जाने के मामले में हाईकोर्ट ने सुनवाई की तिथि बढ़ाकर 12 फरवरी कर दी है। बसपा महापौर प्रत्याशी आकाश मौर्य ने भाजपा प्रत्याशी एल. पद्मजा (पूजा विधानी) के पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के दस्तावेजों की मांग की थी।

### हलवाई लाइन में फायरिंग करने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार



**रायपुर, 10 फरवरी 2025 (ए)।** देर रात घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। गोलबाजार थाना प्रभारी अर्चना धुरंधर ने बताया कि, गोली चलने की सूचना मिली है। हमें कुछ वीडियो भी मिले हैं। आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

# मतदान से एक दिन पहले पैसे बांटते पकड़ा गया भाजपा का पार्षद प्रत्याशी

» पकड़ाते ही नाले में फेंक दी गड्डी,वीडियो आया सामने

» भाजपा प्रत्याशी श्याम कार्तिक पर पैसे बांटने का आरोप

» पकड़े जाने पर उन्होंने पैसों का पैकेट नाले में फेंका

» श्याम का कार्तिक वीडियो वायरल हो रहा



**बिलासपुर, 10 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए अब सिर्फ एक दिन का समय शेष है। यानि कल प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में मतदान किया जाएगा। निर्वाचन के लिए मतदान दलों को भी पोलिंग बूथ के लिए रवाना कर दिया गया है। नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी आज डोर-टू-डोर प्रचार कर रहे हैं। लेकिन इन सब के बीच बिलासपुर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है।
दरसअल शहर के वार्ड नंबर 7 कालिका नगर के पार्षद प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतरे श्याम कार्तिक को मतदान से एक दिन पहले पैसे बांटते पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि श्याम कार्तिक को दूसरे दल के समर्थकों ने पार्षद प्रत्याशियों ने पैसे बांटते पकड़ा है। श्याम कार्तिक पर आरोप है कि वो चुनाव में मतदान के लिए पैसे बांट रहे थे। वहीं, पकड़े जाने के बाद श्याम कार्तिक ने पैसों का पैकेट नाले में फेंक दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# 9 बच्चों ने पीएम मोदी से पूछे सवाल

» सीएम बोले- पीएम ने 5 करोड़ बच्चों का किया मार्गदर्शन



**रायपुर, 10 फरवरी 2025 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में छत्तीसगढ़ के 9 बच्चों ने हिस्सा लिया और पीएम से सीधे सवाल पूछे। रायपुर की युक्तामुखी साहू ने पीएम मोदी से पूछा कि छोटी-छोटी जीत से खुश रहना कैसे सीखें और नेगेटिविटी से दूर कैसे रहें। पीएम मोदी ने युक्तामुखी के सवाल का सहजता से जवाब दिया और उन्हें सोशल मीडिया से दूर रहकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पीएम मोदी ने देशभर के 5 करोड़ बच्चों को मार्गदर्शन दिया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान बच्चों पर अभिभावकों का दबाव होता है, जिससे कई बार वे तनाव में आ जाते हैं। पीएम मोदी ने इस तनाव को कम करने और बच्चों को भयमुक्त होकर परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। सीएम साय ने आगे कहा कि मार्च महीने से बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को सकारात्मक ऊर्जा मिली है।
उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर बच्चों और अभिभावकों को सही दिशा दिखाई है। युक्तामुखी साहू ने कार्यक्रम के बाद कहा कि पीएम मोदी की सलाह ने उन्हें सोशल मीडिया से दूर रहकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में मददगार साबित होते हैं।
परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम ने एक बार फिर साबित किया कि पीएम मोदी का यह प्रयास बच्चों के मानसिक तनाव को कम करने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने में कारगर है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस कार्यक्रम का बच्चों की परीक्षा और उनके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है।



# आईएएस ऋचा प्रकाश चौधरी को बड़ी जिम्मेदारी

» केंद्र में संभालेंगी डिप्टी सेक्रेटरी का पद,

» डीओपीटी ने भेजा अप्वॉइंटमेंट ऑर्डर

**रायपुर, 10 फरवरी 2025 (ए)।** दुर्ग कलेक्टर और 2014 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी ऋ चा प्रकाश चौधरी अब केंद्र सरकार में अपनी सेवाएं देंगी। केंद्र सरकार ने उन्हें डिप्टी सेक्रेटरी के पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा अप्वॉइंटमेंट ऑर्डर छत्तीसगढ़ सरकार को भेज दिया गया है।डीओपीटी की तरफ से चीफ सेक्रेटरी को भेजे लेटर के मुताबिक 3 सप्ताह के भीतर ऋचा प्रकाश चौधरी को ज्वाइन करने होगा।




## अफसर और ड्राइवर को सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया

**रायपुर, 10 फरवरी 2025 (ए)।** रिश्वतखोरी मामले में गिरफ्तार सेंट्रल जीएसटी के अधीक्षक समेत दो आरोपियों को सीबीआई ने रिमांड खत्म होने पर आज कोर्ट में पेश किया है। जहां दोनों आरोपियों की मुश्किलें बढ़ सकती है। दोनों आरोपी ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजे जा सकता हैं।सूत्रों के मुताबिक, दोनों आरोपियों से पुलिस रिमांड के दौरान सीबीआई की टीम ने पूछताछ पूरी कर ली है। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर अब आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों को रिमांड में ना लेकर सीधे ज्यूडिशियल रिमांड भेजने की तैयारी है।

# छत्तीसगढ़ में आज रहेगा सार्वजनिक अवकाश



» बंद रहेंगे सरकारी कार्यालय

» राज्य में तीन अलग-अलग दिनों पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

» स्कूल, कॉलेज और सरकारी दफ्तर इन दिनों पूरी तरह बंद रहेंगे

» 11, 17 और 20 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**रायपुर, 10 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर घमासान मचा हुआ है। जहां एक ओर भाजपा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अपनी सरकार बनाने के इरादे से चुनावी मैदान में उतरकर तैयारी कर रही है तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी को एक के बाद एक बड़े झटके लग रहे हैं। लेकिन इस बीच पंचायत और निकाय चुनाव के मद्देनजर सरकार ने तीन सार्वजनिक अवकाश घोषित किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी निर्देश में 11, 17 और 20 फरवरी सार्वजनिक अवकाश रहेंगे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)